आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 312, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 14
मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर भी मुहर

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने विकास से जुड़ी कई योजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये



मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

## जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे इसकी सूचना रजिस्ट्रार (भर्ती) को दे सकते हैं। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। आरक्षण का लाभ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायकों, सहायक लाइब्रेरियन, कनिष्ठ अदालत सहायकों और चैंबर अटेंडेंट को मिलेगा।

# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी। वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

एप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। इसमें न केवल सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेलवे सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। एप सिंगल साइन-ऑन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती। रेलवन एप डाउनलोड करने के बाद, कोई भी व्यक्ति रेल कनेक्ट या यूटीएसऑनमोबाइल एप की मौजूदा आईडी से लॉग इन कर सकता है। इससे अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे डिवाइस स्टोरेज की बचत होती है। आर-वॉलेट (रेलवे ई-वॉलेट) सुविधा भी एप में जोड़ी गई है। संख्यात्मक एमपिन व बायोमेट्रिक लॉगिन जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

### टिकट बुकिंग से लेकर ढेरों सुविधाएं मिलेंगी

रेल मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है।

### केवल पूछताछ करने के लिए अतिथि लॉगिन

नए उपयोगकर्ताओं के लिए न्यूनतम जानकारी देकर पंजीकरण करने का प्रावधान है, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया आसान और तेज हो जाती है। जो उपयोगकर्ता केवल पूछताछ करना चाहते हैं, वे अपने मोबाइल नंबर और ओटीपी के साथ अतिथि लॉगिन के माध्यम से भी लॉग इन कर सकते हैं।

## फिर स्कूल पहुंचे हम...



गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार एक जुलाई से सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल खुल गए। विद्यालय पहुंचे बच्चों का रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया गया। कुछ ऐसा ही नजारा लखनऊ में गोमती नगर के एक स्कूल में भी देखने को मिला, जहां बच्चों का शिक्षकों ने चंदन रोली लगाकर स्वागत किया। ● अमृत विचार

# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी




- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल


दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी



बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।

शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।

### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

# 2 व 4 छात्र संख्या पर चल रहे थे परिषदीय स्कूल, 38 हो गए मर्ज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शासन के निर्देश पर बीएसए ने जारी किया आदेश, 1 जुलाई से नई व्यवस्था लागू
- विलय वाले विद्यालयों में पढ़ने जाएंगे विद्यार्थी, शिक्षक भी वहीं पहुंचेंगे

**अमृत विचार।** जिले में करीब 450 परिषदीय स्कूल ऐसे हैं जहां छात्र संख्या 50 से कम है। कई ऐसे विद्यालय हैं जहां कुछ सालों से विद्यार्थियों की संख्या घट रही है या बढ़ी ही नहीं है। शासन स्तर से इसकी मॉनीटरिंग हुई तो नाराजगी जताई गई। इस वजह से विद्यालयों की पेयरिंग यानि मर्ज करने का निर्णय लिया गया। जनपद में 2, 4, 5, 8, 12 जैसी छात्र संख्या वाले 38 विद्यालयों का विलय कर दिया गया है।

बीएसए संदीप कुमार ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए जारी किए आदेश में कहा है कि ऐसे विद्यालय जिनमें पर्याप्त छात्र नामांकन नहीं हैं वहां छात्रहित में स्थानीय परिस्थितियों व जरूरतों को देखते हुए निर्णय लिया गया है। संसाधनों के अधिकतम उपयोग के उद्देश्य से निकट वाले स्कूलों के साथ आपसी सहयोग से युग्मन यानि पेयरिंग किए गए हैं। इससे अनुकुल छात्र संख्या व शैक्षणिक संसाधनों का छात्रहित में अधिकतम उपयोग हो सकेगा। पेयरिंग प्रक्रिया में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापक व अभिभावकों की सहमति से बीईओ के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया है। 1 जुलाई से नया आदेश लागू हो गया है। बताया गया है कि कई प्रयासों के बाद भी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या नहीं बढ़ी है। ब्लॉक हसेरन क्षेत्र के 8, सौरिख के 6, तालग्राम के 3, उमर्दा के 6, कन्नौज के 4, छिबरामऊ के 6, जलालाबाद के 4, गुगरापुर बीआरसी क्षेत्र के 1 विद्यालय का विलय निकट वाले परिषदीय स्कूलों में किया गया है। जिन विद्यालयों से बच्चों को हटाया गया है वहां 6 साल से कम वाले बच्चों की बाल वाटिका बनेगी। एजूकेटर्स वहां पढ़ाएंगे। उनकी तैनाती की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है।



प्राथमिक स्कूल चौखटा का भवन जिसमें यूपीएस चौखटा के बच्चे पढ़ने जाएंगे।

### 4 स्कूल जलालाबाद के भी शामिल

- पीएस भुरजानी को यूपीएस भुरजानी
- पीएस देवीपुर्वा को पीएस सरैया
- पीएस घासीपुर्वा को पीएस सियरमऊ
- पीएस पुरसा को कन्या पीएस जसपुरापुर द्वितीय में समायोजित किया गया है।

### छिबरामऊ में तो 2, 7 बच्चों वाले स्कूल

- पीएस जलालपुर दीनदारपुर में 9 बच्चे को पीएस भीखमपुर सानी में पढ़ना होगा।
- यीपीएस लोकपुर को पीएस लोकपुर शंकर में समायोजित किया गया।
- यूपीएस भूढा के 2 बच्चों को कंपोजिट विद्यालय भौंराजपुर जाना होगा।
- यूपीएस सदरपुर में 7 बच्चों को पीएस सदरपुर द्वारिकापुर भेजा गया।
- पीएस भोजपुर उस्मानपुर में 14 बच्चों को कंपोजिट स्कूल उस्मानपुर जाना होगा।
- यूपीएस बखरिया के 17 बच्चों को पीएस भूढा बरवारी में भेजा गया।

### कन्नौज क्षेत्र के 4 स्कूल

- पीएस ब्राह्मणपुर्वा के 11 बच्चों को पीएस सीहपुर
- पीएस ज्योराखनपुर्वा 14 को पीएस नेरा
- पीएस वाहिदपुर को यूपीएस उहिदापुर
- पीएस सहनापुर को यूपीएस सहनापुर

### सौरिख के यह विद्यालय हुए मर्ज

- पीएस कबीरपुर को कंपोजिट स्कूल जखा में मर्ज किया गया।
- यूपीएस अलीपुर को कंपोजिट स्कूल सौरिख
- पीएस रघुनाथ को पीएस मलिकंठपुर
- पीएस नगला तोरन को कंपोजिट स्कूल नगला खरगाई
- पीएस कुरीला नवीन को कंपोजिट स्कूल करीला बीबीपुर
- पीएस नगला बिहारी को कंपोजिट विद्यालय सलेमपुर

### तालग्राम इलाके का हाल

- पीएस रामगंज का यूपीएस गुरसहायगंज में विलय
- यूपीएस चौखटा का पीएस चौखटा में मर्जर।
- पीएस नेहरू नगर संतोषा का पीएस समधन

### गुगरापुर में अभी एक स्कूल

- ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के गलरियनपुर्वा में 13 बच्चे हैं जिनको अब कंपोजिट स्कूल गोसाईंदासपुर में पढ़ने जाना होगा।

### विकास उमर्दा के यह 6 स्कूल भी

- पीएस रहीमपुर 5 बच्चे को पीएस झौआ
- पीएस बिलंदापुर का पीएस जैनपुर
- पीएस रिक्खापुर्वा को पीएस ढठियागंज
- यूपीएस गपचरियापुर को पीएस गपचरियापुर
- यूपीएस जोतपुर्वा 4 बच्चे को कंपोजिट स्कूल मुगरा
- यूपीएस पलिउरा को पीएस पलिउरा

### हसेरन इलाके का कौन स्कूल कहां हुआ पेयर

दानपुर के 12 बच्चों को कंपोजिट स्कूल नादेमऊ में 13 विद्यार्थियों वाले स्कूल में समायोजित किया। पीएस आदमपुर माखन को पीएस सादिकपुर के 17 बच्चों में, पीएस कर्री को यूपीएस कर्री, पीएस भग्गीपुर्वा के 8 बच्चों को पीएम श्री विद्यालय कांकरपुई, पीएस बडरान 12 बच्चों को कंपोजिट स्कूल जमुनियापुर, पीएस गहपुरा को यूपीएस गहपुरा, यूपीएस आदमपुर उम्मेद 17 बच्चों को पीएस आदमपुर उम्मेद व पीएस सरफापुर 15 बच्चों को पीएस हरिभानपुर में पढ़ने जाना होगा।

## सार-संक्षेप

### परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत

**गुरसहायगंज, जलालाबाद।** ग्रीष्मावकाश के बाद परिषदीय व निजी विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारंभ हो गया। छुट्टी के बाद पहले दिन विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। मंगलवार को नगर सहित क्षेत्र के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों में प्रथम दिन शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। पहले दिन अधिकांश बच्चों ने खेलकूद कर समय व्यतीत किया। जलालाबाद के कंपोजिट विद्यालय में भी छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने स्वागत किया। प्रधानाचार्य नीरेंन कुमार ने बताया कि प्रथम दिवस में कुल 78 छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे। प्रधानाध्यापक नीरेंन कुमार, प्रियंका पाठक, मधुरिमा श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, आरती कटियार, दौलत सिंह, अंजली वर्मा, नूतन दीक्षित सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।


अधिकारियों, शिक्षकों व छात्रों को शपथ दिलाते डीएम। अमृत विचार

### पौधा लगाना और संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। नगर पंचायत समधन स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों व छात्रों के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके बाद पौधों व पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। बच्चों ने वृक्ष धरा के भूषण करते दूर प्रदूषण व अपना कर्तव्य निभाओ, पेड़ों को बचाओ आदि नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार चित्तौडिया, प्रधानाचार्य आशीष शर्मा आदि रहे।

### पुलिस लाइन में कैंटीन शरू, एसपी ने किया उद्घाटन

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में जवानों के नाश्ता व खाना देने के लिये कैंटीन खोली गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कैंटीन का फीता काट व शिलापट अनावरित कर उद्घाटन किया। इस कैंटीन में ताजा नाश्ता तत्काल तैयार किया जायेगा। उद्घाटन के बाद एसपी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कैंटीन प्रबंधन को स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह, एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी से रोष

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। आरोपी ने इटावा के दादरपुर गांव से जुड़े मामले को लेकर ब्राह्मण समाज को लक्ष्य किया है। समाज के लोगों ने पुलिस को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को ग्राम कुड़रीपुर्वा सहित आसपास के गांव निवासी ब्राह्मण समाज के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल आलोक कुमार दुबे से वार्ता की और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अंकित मिश्रा, कमल दुबे, विमल तिवारी, अमर तिवारी, राहुल दुबे, विनय तिवारी और शैलेन्द्र मिश्रा आदि ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

## एक नजर

### 366 माध्यमिक स्कूलों में ऑनलाइन हाजिरी लागू

**कन्नौज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित जिलेभर सभी 366 राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली लागू कर दी गई है। प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि हर रोज समय से विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व शिक्षक समेत पूरे स्टॉफ की हाजिरी ऑनलाइन फीड की जाएगी। यह व्यवस्था 1 जुलाई से लागू हो गई है। विशेष पोर्टल विकसित कर मोबाइल एप्लिकेशन भी तैयार की गई है। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों व शिक्षकों की प्रतिदिन उपस्थिति इसमें दर्ज होगी। प्रभारी डीआईओएस ने बताया कि विद्यार्थियों या शिक्षकों के छुट्टी पर होने की स्थिति में उसका कारण भी दर्ज किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया स्कूल परिसर से ही संभव होगी। बताया गया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने यह आदेश जारी कर दिया है।

### आरओ, एआरओ की परीक्षा के लिए 13 केंद्र बने

**कन्नौज।** जनपद में भी समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा 27 जुलाई को होगी। प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि इसके लिए 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों का आवंटन मिलना है। इसकी अधिकारिक सूचना भी आनी है।

### 11 से प्रयोगात्मक व कंपार्टमेंट परीक्षाएं

**कन्नौज।** वर्ष 2025 की हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/ कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए प्रोजेक्ट आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा/ आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा व इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट की प्रयोगात्मक परीक्षा 11 व 12 जुलाई को होगी। प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। क्षेत्रीय कार्यालयों से परीक्षक नियुक्ति किए जाएंगे।

# कांशीराम कालोनी की कटी बिजली, हंगामा

## स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपजी समस्या, एक्सईएन बोले पहले जमा करो बकाया, फिर मिलेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो दिन से कालोनी में नहीं पहुंच रही बिजली

**अमृत विचार।** शहर के ईदगाह स्थिति कांशीराम कालोनी की बिजली बकाया बिल होने पर काट दी गई। इसीसे नाराज लोगों ने बिजली कार्यालय पहुंच कर हंगामा काटा। बिजली विभाग पर मनमानी करने का आरोप लगाया।

शहर के ईदगाह स्थित कांशीराम कालोनी की बिजली विभाग ने बकाया बिल होने पर काट दी। इससे दो दिन से कालोनी में बिजली नहीं पहुंच रही है। इसी से नाराज कालोनी के निवासी महिला पुरुष दोपहर के समय बिजली कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने हंगामा करते हुए बिजली अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि भीषण गर्मी में बिजली काटी जा रही है। इससे उनके घरों में बिजली नहीं आ रही। उनके छोटे छोटे बच्चे गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। कालोनी निवासियों का कहना था कि विभाग ने उन पर दो से तीन-तीन लाख रुपये का बकाया निकाल दिया। बसपा सरकार में उनको निशुल्क बिजली दी गई थी। इसके बाद विभाग ने उन पर दो माह में पांच सौ रुपये का बिल जमा कराया। कुछ लोगों ने इस बिल को भी नहीं जमा किया। इससे विभाग ने पूरी कालोनी की बिजली काट दी। मोहम्मद तालीम ने बताया कि कालोनी के कई आवासों पर स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है। इससे मीटर में तो लाइट जलती रहती है पर घर के अंदर बिजली नहीं जाती। इसी तरह के कई आरोप लगाते हुए ईदगाह कांशीराम कालोनी के लोगों ने करीब एक घंटे तक हंगामा काटा। खास बात तो यह रही कि हंगामा करने में पुरुष कम संख्या में आये लेकिन वह पीछे खड़े रहे, जब कि महिलायें हंगामा करती रही। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना था कि ईदगाह कांशीराम कालोनी के लोग प्रति माह अपने बिल को जमा करें। इसके अलावा जो पिछला बकाया बिल है उसे भी थोडा थोडा जमा करते रहें तो उनको बिजली मिलने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। कांशीराम कालोनी में स्मार्ट मीटर भी लगाये जा रहे हैं। यदि प्रति माह बिल जमा नहीं होगा तो बिजली स्वतः कट जायेगी।


बिजली कार्यालय के सामने हंगामा करते ईदगाह कांशीराम कालोनी के निवासी।

# सपा मुखिया के जन्मदिन पर लगाई होर्डिंग हटाई, नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा मुखिया के जन्म दिन पर बधाई देते सपाइयों की स्ट्रीट लाइट पोल पर लगी होर्डिंग नगर पालिका कर्मचारियों ने हटा दी। इससे नाराज सपाइयों ने हंगामा काटते हुए नगरपालिका कर्मचारियों को लौटा दिया।

मंगलवार को सपा मुखिया का जन्म दिन था। पार्टी कार्यालय के सामने लगे स्ट्रीट लाइटों के पोल पर कुछ सपाइयों की होर्डिंग लगाई गई थी। दोपहर के समय नगर पालिका के कर्मचारी पोल पर लगी होर्डिंग हटाते हुए पहुंचे और उन्होंने पार्टी कार्यालय के सामने पोल पर लगी होर्डिंग हटाने का प्रयास किया। इसी बीच कुछ सपाइयों की इस पर नजर पड गई। इस पर हंगामा व नोक झोक शुरू हो गई। जानकारी पर कई सपा कार्यकर्ता कार्यालय से बाहर निकल आये। जानकारी पर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने तत्काल नगर पालिका ईओ से बात की और बताया कि सपाइयों को होर्डिंग को हटाया जा रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि यह रुटीम होर्डिंग हटाई जा रही है। इस में किसी पार्टी से संबंधित होर्डिंग को नहीं हटाया जा रहा है। इस के बाद कर्मचारी वहां से चले गये।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

**अमृत विचार।** एडीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखा कर शुरू किया।

जिले में 1 से 31 जुलाई तक अभियान चलाया जायेगा। मंगलवार को सीएमओ कार्यालय अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह ने फीता काट कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद आशा, एनसीसी कैडेट व नगरपालिका के कर्मचारियों की रैली निकाली गई। इस रैली को भी एडीएम ने हरी झंडी दिखाई। इसके बाद कार्यालय सभागार में सभी कर्मचारियों व स्टाफ को शपथ दिलाई गई। संचारी रोग से बचाव के तौर तरीके बताये गये। इस मौके पर सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, वाईके मंजुल, डॉ. बृजेश शुक्ला, डॉ. महेंद्र भान सिंह, डॉ. रवि प्रताप सिंह, समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**रोग नियंत्रण के लिये यह न करें:** नल के आसपास गंदगी एवं पानी एकत्र न होने दें। बासी व खुले में रखा भोजन न करें। सड़ी गली सब्जियां, फल, खुली रखी मिठाई, चाट पकौडा न खाएं। दूषित पेय पदार्थ एवं खुले गन्ने के रस का सेवन न करें। बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न लें।


झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते एडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## कार्यक्रम

पार्टी कार्यालय में आयोजित हुआ भण्डारा, जरूरतमंदों को बांटे फल व साड़ी

# हवन-पूजन और केक काटकर मनाया सपा मुखिया का जन्म दिन


पार्टी कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर हवन में आहुतियां देते सपाई।


लोहपीटा समाज के बीच केक काटकर अखिलेश यादव का जन्म दिन मनाते सपाई।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में सपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का जन्म दिन धूम धाम से मनाया। पार्टी कार्यालय में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं कन्नौज सांसद का 52वॉ जन्म दिवस सपा कार्यालय पर केक काटकर मनाया गया। पार्टी कार्यालय गेट पर हवन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। 151 पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसके बाद जिला अस्पताल में मरीजों को फल एवं पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को वस्त्र, फल एवं भोजन वितरित किया। यह आयोजन सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व एवं जिला प्रभारी अनिल प्रताप सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, जय कुमार तिवारी बउअन, अनिल पाल, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधान सभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह, यश दोहरे अंशुल, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, आदि नेताओं नें सम्बोधित किया। इस मौके पर सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, इन्द्रेश यादव, अनुराग यादव आदि नेता उपस्थित रहे। इसी तरह मेडिकल कालेज के निकट लौह पीटा समाज के बीच पहुंच कर सपा नेता अवनीश यादव के नेतृत्व में केक काट कर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर रिंकू यादव, अवनीश पटेल सभासद, बिट्टू सिद्दीकी, रोहित यादव, तिलक सिंह, अखिलेश, गुड्डू राजपूत, सचेंद्र, मुनेंद्र यादव मौजूद रहे।

छिबरामऊ में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर मंगलवार को उनका व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन आदिल परवेज ने किया। इस दौरान वीरेंद्र पाल, राशिद फारुकी, अमन खान, अर्पित शुक्ला आदि मौजूद रहे। सपा नेता राशिद फारूकी ने संबोधित किया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, परवेज़ मंसूरी, मोहम्मद कुरैशी, आज़म इदरीशी, आशीष राठौर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पौधारोपण करते सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव।

### जन्मदिन पर काटा केक, किया पौधरोपण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन रेलवे रोड स्थित कार्यालय में केक काटकर व पौधारोपण कर धूमधाम से मनाया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने आगामी विधान सभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का आहवान किया। मंगलवार को हुए आयोजन में विधान सभा प्रभारी सुनैना सिंह, सपा नेता इन्द्र कुमार गुप्ता, पिंन्टू यादव, उत्कर्ष गुप्ता, रविदत्त यादव, अरुण शर्मा, मनोज अग्रवाल, शिल्पी यादव, अयूब सिद्दीकी, विकास गुप्ता, सलमान वारसी, मनी गुप्ता, मोहित गुप्ता, अवधेश गुप्ता आदि रहे। समाजवादी शिक्षकसभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव के नेतृत्व में तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में सांसद व पीडीए जननायक अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। इस मौके पर शिक्षक वीरेन्द्र सिंह, ओमेन्द्र सिंह, विकास कुमार, राशिद खान, संजय कुमार, संदीप कुमार, फूल मोहम्मद, अमन यादव, पंकज पाल, सचिन कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

पहले मेरा नाम : PRABHAT KUMAR KHARE था से बदलकर PRABHAT KHARE रख लिया है। अब मुझे PRABHAT KIARE के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SUDHIR KHARE FLAT NO-303 BCC GRAVITY APARTMENT TIKAIT GANJ MOHAN ROAD LUCKNOW - 226017

### सूचना

मैं पिंटू पुत्र मनोहरलाल निवासी ग्राम गोठवा पोस्ट गाजू तहसील संडीला जनपद हरदोई का हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जगदीश अंकित है और आज के बाद से मैं पिंटू के नाम जाना जाउगा और सभी तरह के कार्य पिंटू नाम से करूगा ।

### सूचना

मैने अपने पुत्र का नाम Aryan Singh से बदलकर Vedant Singh कर दिया है। उसे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये Varun Singh S/o Rakesh Singh, R/o Plot No. 8-9, Chak Malhauri, Malhaur Station Road, Chinhut, Lucknow, 226028.

### सूचना

सूचित हो कि मै सियाराम पुत्र रामयज्ञ ग्राम व पो0 धूरीटीकर, परगना पश्चिम राठ थाना-तारून तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या, मेरी पत्नी का नाम मीना तथा उपनाम सुशीला है। दोनों नाम मेरी पत्नी का ही है। अतः उसे मीना उर्फ सुशीला नाम से पढा और जाना जाय।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र राहुल उर्फ भोले व उसकी पत्नी सलोचना के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगें- अरविंद कुमार अवस्थी पुत्र कृपाशंकर व राधा देवी पत्नी अरविंद कुमार - निवासीगण -साहूपुर -तहसील- बिधूना- जिला -औरैया।

### सूचना

मैं राज कुमार स्व0 कृष्णा प्रसाद निवासी म0 नं0- 180 खोवामण्डी शाहगंज थाना कोतवालीनगर परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद सुलतानपुर। मैने दिनांक 25 /06 /2025 को जनपद सुलतानपुर में एक बैनामा जो कि जो मेरे नाम से था जिसकी पुस्तक संख्या 2 क्रमांक 230 पृष्ठ संख्या 51-72 क्रम संख्या 6987 दिनांक 16 /12/2002 कहीं खो गया है ।

### सूचना

मैं प्रेम सागर यादव पुत्र स्व. अमर सिंह यादव निवासी 353/21, लाइन खेड़ा, बी-ब्लॉक, राजाजीपुरम, लखनऊ सूचित करता हूं कि मैं व मेरा परिवार अपने पुत्र राहुल यादव को उसके अशोभनीय व्यवहार एवं कृत्य से क्षुब्ध होकर अपनी चल अचल से बेदखल करते हुए सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूं भविष्य में उसके किसी भी कृत्य एवं लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### सूचना

सर्वविदित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र राकेश कुमार के चाल- चलन से तंग आकर अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। इसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। आत्माराम गौतम पुत्र आशाराम नि0- ग्राम चाकूजोत, थाना - रानीपुर तह0- जनपद- बहराइच

### सूचना

मैं चन्द्रपाल पुत्र गंधर्व नि0 ग्रा0 जूड़ानिवादा, खण्ड बरिंगौं, नौहानौगाँव, रसूलाबाद, ज0 कानपुर (दे0), मेरें खातें में मेरा नाम त्रुटिवश शम्भूदास यादव दर्ज हो गया है जबकि सभी सरकारी कागज व आधार कार्ड, पहचान पत्र व खतौनी सभी में चन्द्रपाल पुत्र गंधर्व है यह दोनों नाम मेरें ही हैं मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ।

### सूचना

मेरा पुत्र शानू व उसकी पत्नी सायरा का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। शाबिर अली पुत्र हनीफ अली वार्ड न. 10, रामनगर शिवली तहसील मैथा, जिला -कानपुर देहात

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीष तिवारी पुत्र शिवाकान्त तिवारी ग्राम व पोस्ट सलेथू, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 236438013 अपनी पुत्री कु. शिवी तिवारी पुत्री मनीष तिवारी के नाम ली थी। आधार कार्ड में नाम बदलकर दर्शिका तिवारी पुत्री मनीष तिवारी कर लिया। अतः पालिसी में कु. शिवी तिवारी की जगह दर्शिका तिवारी अंकित किया जाये। और भविष्य में इसी नाम से जानी व पहचानी जायेगी।

### सूचना

सूचित है कि मेरे डी.एल. का लाइसेंस नंबर UP 4020180005698 में नाम PUSHKAR KUMAR दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में PUKSHKAR KUMAR अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार डीएल में सही नाम PUKSHKAR KUMAR अंकित किया जाए। पुष्कर कुमार पुत्र भागीरथी निवासी घुमनाभारू पोस्ट ककरहा तहसील मोतीपुर, जिला बहराइच।

**आज का मौसम**

बुधवार को बादल छाए रहने की संभावना है। गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार भी हैं।

32.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 : 08

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### महिला हुई लापता

**सौरिख,कन्नौज।** छिबरामऊ के रामनगर मौज खानपुर चौबे निवासी मुकेश कुमार ने थाने में बताया 28 अप्रैल को पत्नी मनीषा (35) मायके सौरिख के किशनपुर जाने को निकली तबसे लापता है।

# कूड़ा गाड़ी में सवार हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर विधायक व प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण इन दिनों विकास कार्यों की हकीकत जानने में जुटे हैं। इसके साथ ही नगर क्षेत्र पर भी नजर है। इसी क्रम में उन्होंने अनोखा अंदाज अपनाया और कूड़ा गाड़ी में साधारण वेशभूषा में सवार होकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की हकीकत परखी। उनका यह अंदाज जिले भर में चर्चा का विषय बना है।

दो दिन पहले मंत्री सुबह-सुबह शहर पहुंच गए और एक कूड़ा गाड़ी जिसको पहले से तैयार रहने को कहा गया था में बैठ गए। वे इस समय टी शर्ट-लोअर पहने व चेहरे पर मास्क लगाए थे। उन्होंने शहर में चल रही पालिका की घर-घर कूड़ा उठान व्यवस्था को जांचा। इस दौरान कर्मियों से काम का तरीका जाना और यह भी देखा कि कहां सुधार किया जा सकता है।




कूड़ागाड़ी में मास्क पहने बैठे व सफाई कर्मियों से बात करते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण।

### इलेक्ट्रिक गाड़ियां, जीपीएस ट्रैकिंग हो अनिवार्य

**कन्नौज।** मंत्री असीम अरुण ने निरीक्षण के बाद व्यवस्था में सुधार को लेकर संभावनाओं पर विचार व्यक्त किया। उनका कहना है कि इलेक्ट्रिक कूड़ा गाड़ियां ज्यादा बेहतर साबित हो सकती हैं। इनकी गति कम होने से आबादी क्षेत्र में हादसों का भय कम रहेगा। इसके साथ ही इनको जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली से लैस करने की आवश्यकता भी है। इससे इन पर नजर रखी जा सकती है। कहां गाड़ी पहुंची और कहां नहीं पहुंच सकी। कचरे के डिब्बों के आकार को लेकर भी बात की, कहा कि नीले (सूखा कूड़ा) और हरे (गीला कूड़ा) डिब्बे एक साइज के होते हैं, जबकि गीला कूड़ा ज्यादा आता है। इसलिए हरा डिब्बा बड़ा होना चाहिए।

### जापान की तकनीक से प्रभावित हो निरीक्षण

मंत्री के मुताबिक कि जापान में 'गेंबा वॉक' तकनीक से प्रबंधन किया जाता है। इसमें प्रबंधन के लोग कामगारों के बीच खड़े होकर हकीकत जानते और सुधार की संभावना खोजते हैं। वे बताते हैं कि पुलिस में रहते हुए भी वे इसी पद्धति पर काम किया करते थे जिससे सुधार की स्थिति ज्यादा बनती थी। इसी सोच के साथ उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारी गौतम और विकास के साथ कूड़ा गाड़ी पर सवार होकर मोहल्लों की साफ सफाई की स्थिति परखी।

### साप्ताहिक अवकाश पर जोर

**कन्नौज।** मंत्री ने श्रम कानूनों के पालन पर जोर देते हुए कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश की पैरवी की। न्यूनतम मजदूरी दर, सभी सफाई कर्मियों का ईपीएफ व ईएसआई में नामांकन अनिवार्य किए जाने की भी जरूरत बताई। कूड़ा गाड़ी का लाउडस्पीकर अच्छा होने के साथ एक वाहन पर कम से कम दो कर्मी और एक चालक की तैनाती की भी बात कही। स्थानीय लोगों से भी बात की। उन्होंने बताया कि सीधे लोगों के बीच जाकर ही स्थिति ज्यादा स्पष्ट होने के साथ सुधार की संभावनाएं भी तलाशी जा सकती हैं।




# बच्चों को विद्यालय से जोड़ने निकले अफसर

## जगह-जगह निकाली गईं छात्र-छात्राओं की रैलियां,एसडीएम व बीएसए ने स्कूल चलो अभियान में भरा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलेभर में पहली जुलाई से स्कूल चलो अभियान शुरू हो गया। छात्र-छात्राओं को विद्यालय में नियमित पढ़ाई का उत्साह भरने के लिए अफसर भी गांव-गांव पहुंचे। पगडंडियों से होकर निकाली गईं रैलियों ने भी नए प्रवेश बढ़ाने के लिए ग्रामीणों व अभिभावकों को प्रेरित किया।

मंगलवार को ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र को इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुर्वा में एसडीएम नवनीता राय, बीएसए संदीप कुमार व बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं की स्कूल चलो रैली का शुभारंभ किया। इंग्लिश मीडियम कंपोजिट विद्यालय बेहरिन में भी इन सभी अधिकारियों ने पहुंचकर शिक्षण कार्य का जायजा लिया। छात्र-छात्राओं से सवाल-जवाब भी हुए। इसके बाद इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय जलालपुर पनवारा व प्राथमिक विद्यालय जलालपुर पंचमा का भी अधिकारियों ने मुआयना किया। आईसीटी लैब/ स्मार्ट क्लास को भी देखा गया। इस मौके पर एआरपी दिनेश चंद्र, सरिता गौतम, मोहित दुबे मौजूद रहे।




ब्लॉक सदर क्षेत्र के पीएस आसकरनपुर्वा में छात्रा के साथ सेल्फी लेते बीएसए।




प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुर्वा में बच्चों का उत्साह बढ़ातीं एसडीएम नवनीता राय, बीएसए संदीप कुमार व बीईओ मधुलिका बाजपेयी। अमृत विचार

### अभिभावक बच्चों को स्कूल जरूर भेजें: एसडीएम

**तिर्वा।** नए सत्र में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए सरकार ने स्कूल चलो अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया। उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल महसौनापुर में रैली निकाली गई। एसडीएम राजेश कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसडीएम ने बताया कि सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। बच्चों को निशुल्क किताबें के साथ यूनिफार्म के लिए 1200-1200 रुपये व मध्याह्न भोजन दे रही है। बारिश में संचारी रोग को भगाने के लिए बच्चों को बताया कि अपने घर व आस पास का इलाका साफ सुथरा रखें। अगर किसी प्रकार का कोई संक्रमण रहता है तो तत्काल डॉक्टर को दिखाकर उपचार कराएं। इस मौके पर बीईओ विपिन कुमार, एआरपी अनुराग शुक्ल, प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत व शानू वर्मा मौजूद रहे।

## एचटी लाइन के करंट की चपेट में आए युवक की मौत

**तिर्वा।** एचटी लाइन के खंबे पर चढ़ कर तार जोडते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर विधिक कार्रवाई शुरू की है।

कोतवाली के ककराह गांव निवासी रुस्तम (19) पुत्र हरिराम मंगलवार की सुबह गांव में एचटी लाइन के खंबे पर चढकर तार सही कर रहा था। उसी दौरान लाइन में करंट आने से चपेट में आकर झुलस कर नीचे गिर पड़ा। युवक को आनन फानन में परिजन मेडिकल कालेज ले आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आकर युवक की मौत होने की बात बताई जा रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## सार-संक्षेप



डॉक्टर्स-डे पर डॉ. निशांत को सम्मानित करते बच्चे। अमृत विचार

### डॉक्टर्स-डे पर बच्चों ने चिकित्सकों को मिठाई खिलाई

**सौरिख,कन्नौज।** डॉक्टर्स-डे पर नगर के बिधूना रोड स्थित श्री देव पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख, स्वास्थ्य केंद्र खड़नी, स्वास्थ्य केंद्र नादेमऊ में जाकर डॉ. निशांत यादव समेत अन्य डॉक्टरों को मिठाई खिलाकर पुष्प भेंट किया। विद्यालय के प्रबंधक मयंक त्रिपाठी एवं स्टाफ मौजूद रहा।



पुलिस हिरासत में पति, सास व ससुर। अमृत विचार

### विवाहिता की हत्या के आरोप में पति, ससुर, सास को भेजा जेल

**तिर्वा।** विवाहिता की मौत के बाद मायके पक्ष की ओर से ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में पुलिस ने पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना इंदरगढ़ के महद्विवरा गांव निवासी प्रिंस पुत्र वीरेंद्र पटेल का विवाह इसी साल 25 फरवरी को तालग्राम थाना क्षेत्र के खबरामऊ गांव निवासी मोहनी (20) के साथ हुआ था। रविवार की रात उसने दुपट्टे के फंदे से गला कसकर जान दे दी। सोमवार को पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मंगलवार को पति प्रिंस पटेल, सास मधू, ससुर वीरेंद्र को पकड़ लिया। आरोपियों को पूछताछ कर जेल भेज दिया।



पलटी पड़ी डीसीएम। अमृत विचार

### एक्सप्रेस-वे पर तेल से भरी डीसीएम पलटी, दो घायल

**तिर्वा।** अनियंत्रित डीसीएम डिवाइडर से टकराते हुए नीचे पलट गई। उसमे भरा तेल के डिब्बे सडक पर फैल गए। हादसे में चालक परिचालक घायल हो गए। उन्हे मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। मंगलवार को ग्वालियर से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए तेल से लदी डीसीएम बिहार जा रही थी। डीसीएम को ऊसराहार थाना के गांव कदमपुर निवासी नाजिम खान पुत्र छोटे खान चला रहा था। उसके साथ सुमित पुत्र दिनेश चन्द्र परिचालक का काम करता है। जैसे ही उनकी डीसीएम थाना ठठिया के पिपरौली गांव के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर रेलिंग तोडते हुए नीचे पलट गई। डीसीएम पलटते ही उसमे भरे तेल के डिब्बे बिखर गए। चालक व क्लीनर घायल हो गए। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

## महिला ने लगाया दहेज उत्पीड़न और मारपीट का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम बरुआ निवासी महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुआ सबलपुर निवासी रिंकी पत्नी जीलू के अनुसार उसकी शादी के दो माह बाद से ही पति सहित ससुराल पक्ष चार पहिया गाड़ी की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर 1 जुलाई की सुबह गालीगलौज कर मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। माता-पिता के हस्तक्षेप पर उन्हें भी पीटा गया। रिंकी ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल की, लेकिन पुलिस ने केवल उन्हें पेट्रोल पंप के पास छोड़ दिया। रिंकी ने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कैंसर अस्पताल में जल्द शुरू हो सकती टेलीमेडिसिन

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** कैंसर अस्पताल में टेलीमेडिसिन शुरू कराने के लिए लखनऊ स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान मेडिकल कॉलेज समेत कैंसर के डॉक्टरों को प्रशिक्षण देगा। इससे मरीजों को लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

बाबा भीमराव अंबेडकर रामजी मेडिकल कालेज में काफी साल से बने खड़े कैंसर अस्पताल को शुरू कराने के लिए कालेज प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए कई डाक्टरों की टीम ने निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। अब कैंसर अस्पताल में लखनऊ के कल्याण सिंह कैंसर संस्थान द्वारा टेलीमेडिसिन शुरू कराने की तैयारी है।

प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने बताया कि टेली मेडिसिन के लिए कालेज में तैनात कैंसर डाक्टर राजेन्द्र सिंह व उनको भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके जरिए कल्याण सिंह कैंसर अस्पताल के डाक्टर मरीजो के बारे में जानकारी लेकर सलाह देकर उपचार देंगे।

**क्या है टेलीमेडिसिन**

टेलीमेडिसिन को दूरस्थ स्वास्थ्य सेवा भी कहा जाता है। स्वास्थ्य संबंधी देखभाल प्रदान करने और प्राप्त करने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों का उपयोग है। विशेष रूप से उन मामलों में जहां दूरी एक बाधा है। यह रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच वास्तविक समय में दो-तरफा संचार के माध्यम से दूरस्थ नैदानिक सेवाओं के प्रावधान को संदर्भित करता है, आमतौर पर टेलीफोन या इंटरनेट के माध्यम से रोगियों को विशेषज्ञों की तरफ से परामर्श व इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।

## रोडवेज डिपो में चालक-परिचालक में मारपीट

**कन्नौज।** रोडवेज डिपो में पुरानी रंजिश को लेकर चालक-परिचालक के बीच मारपीट हो गई।

रोडवेड बस के सहायक चालक विनोद कुमार यादव ने संविदा परिचालक सौरभ मिश्रा पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कहा कि 29 जून को वह बस लेकर गया था। भोगांव बस स्टैंड की कैंटीन में संविदा परिचालक सौरभ मिश्रा जो कि लखनऊ अजमेर मार्ग पर बस का परिचालन करता है ने जातिसूचक गाली दी। कहा कि कन्नौज डिपो में नौकरी नहीं करने देंगे। मंगलवार को वह अपने बस में डीजल डलवा रहा था उसी समय कर्मचारी दुर्गेश दीक्षित ने पूछा कि भोगाव में क्या बात हो गई थी। इसी बीच सौरभ ने कालर पकड़ कर मारपीट करदी। कोतवाली पुलिस ने मामले की तहरीर लेते हुए जांच शुरू की है।

## बीबी हलीमा की संपत्ति कब्जा करने वाले दे रहे धमकियां

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

● गोपाल दुबे ने की पीएम और गृहमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग

**अमृत विचार।** बीवी हलीमा भूमि संपत्ति को लेकर भारतीय किसान यूनियन (औनू) के पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल दुबे ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन भेजा है। इसमें कहा है कि उनकी शिकायत के बाद प्रशासन ने कुछ संपत्तियां मुक्त कराईं तो भूमाफिया उन्हें जान से मारने की धमकी दी रहे हैं। उन्होंने मामले में हस्तक्षेप कर शत्रु संपत्ति को सरकार के कब्जे में लेने की अपील की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ला विरतिया के काजी अब्दुल कयूम की 30 एकड़ से अधिक भूमि 1923 में अपनी पुत्री हलीमा बीबी के नाम वसीयत की थी। 1948 में हलीमा पाकिस्तान चली गई तो उनकी छिबरामऊ नगर और देहात में स्थित संपत्ति पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गई है। 2018 में हलीमा का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराकर भूमाफियाओं ने उनकी जमीन की फर्जी वसीयत चढ़वाकर बेचना शुरू कर दिया। उन्होंने (गोपाल दुबे) 14 जून 2025 को जिलाधिकारी से शिकायत की तो उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र दुबे से जांच कराई गई, जिसमें 15 मई को कुछ फर्जी वसीयतों को निरस्त किया गया। 10 जून को उपजिलाधिकारी ने 20 बीघा जमीन को राज्य सरकार के नाम दर्ज कराया। इस कार्रवाई से बौखलाए भूमाफियाओं ने उनको जान से मारने और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकियां देनी शुरू कर दीं। प्रदेश सरकार से सुरक्षा और भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## कानपुर कार्डियोलॉजी के समन्वय से चलेगा हृदयरोग संस्थान

संवाददाता, तिर्वा

● मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने कानपुर के संस्थान को पत्र भेज मांगी कार्ययोजना

**अमृत विचार।** हृदय रोग अस्पताल शुरू कराने के लिए मेडिकल कालेज प्राचार्य ने कानपुर हृदय रोग संस्थान को पत्र भेजकर कार्ययोजना बनाने की मांग की। ताकि यहां भी मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

बाबा साहब भीमराव रामजी मेडिकल कालेज में 124 बेड का हृदय रोग अस्पताल काफी समय से बना खड़ा है। इसका संचालन नहीं होने से कालेज प्रशासन की मांग पर शासन के प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा के आदेश पर कानपुर हृदय रोग संस्थान के निदेशक ने सात जून को भवन का भौतिक निरीक्षण किया था। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि मेडिकल कालेज और कानपुर संस्थान समन्वय स्थापित करके कन्नौज हृदय रोग संस्थान को शुरू कराने की कार्ययोजना बनाकर तैयार कर रिपोर्ट दें। अब मेडिकल कालेज प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने कानपुर हृदय रोग संस्थान के निदेशक को पत्र भेजकर अस्पताल शुरू कराने के लिए कार्ययोजना बनाने की मांग की। प्राचार्य ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अस्पताल का संचालन कानपुर हृदय संस्थान की निगरानी में किया जाएगा।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

खेती-किसानी | प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कर किसानों को दी जानकारी

## उपचारित बीज से लें मूंगफली की अधिक फसल

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्वस्थ व उपचारित बीज का प्रयोग कर किसान मूंगफली की फसल का अधिक उत्पादन ले सकते हैं। यह बात मूंगफली प्रक्षेत्र दिवस के मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. वीके कन्नौजिया ने किसानों से कही।

डॉ. कनौजिया ने बताया कि बीजों का कार्बेंडाजिम 2 ग्राम प्रति किलो की दर से उपचार तथा समय से बुवाई मूंगफली उत्पादन बढ़ाने में अत्यधिक प्रभावी होता है। जड़ सड़न रोकने के लिए ट्राईकोडर्मा 5 किग्रा प्रति हे. भूमि में मिलाएं। डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि आलू के बाद मूंगफली की बुवाई के पूर्व बीज को राइजोबियम कल्चर तथा पी. एस. बी. कल्चर के एक एक पैकेट को 10 किग्रा बीज में पैकेट पर लिखे निर्देशों के अनुसार मिलाने के बाद छाया में सुखाकर उपचार के दो घंटों में बुवाई कर देना चाहिए। डॉ सुशील कुमार ने बताया कि फसल में 20 से 25 दिन तथा 40 से 45 दिन पर निराई तथा समय पर सिंचाई आवश्यक है। फूल निकलते, मूंगफली बनते तथा दाना भरते समय भूमि में नमी का होना जरूरी है। कृषक वीरपाल सिंह, राजू, राकेश कटियार, हरिओम, ऋषभ ने बताया कि मूंगफली की खुदाई व तुड़ाई चल रही है। जिन किसानों ने केंद्र द्वारा दी गई तकनीक व सामग्री सल्फर, कल्चर, बीज उपचार हेतु कार्बेंडाजिम, खरपतवार नाशी तथा एनपीके 19:19:19 के प्रयोग से 50 से 60 किग्रा प्रति बीघा अधिक उत्पादन प्राप्त हो रहा है। नंदपुर खिरिया तथा सादिकपुर में आयोजित कार्यक्रम में 130 से अधिक किसान मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केंद्र, कन्नौज द्वारा कृषकों के खेतों पर मूंगफली प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। स्थानीय कृषि प्रसार तकनीकी सहायक सुरजीत कुमार व मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।



प्रक्षेत्र दिवस में उपस्थित किसान। अमृत विचार

## बारिश में बिजली दे रही दगा, रात में काटते मच्छर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बारिश के दौरान बिजली की आंखमिचौली जारी है। न बिजली आने का समय निर्धारित है न जाने का। इससे उपभोक्ताओं को 24 घंटे में 10-12 घंटे ही बिजली मिल रही है। तीन माह से जिले के उपभोक्ता बिजली समस्या से जूझ रहे हैं। शासन के आदेश भले ही ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली देने के रहे हैं पर यहां के विभाग के अधिकारी अपने हिसाब से सप्लाई देते हैं। इससे कई किसानों की मक्का की फसल ही सूख गई। अब किसानों को नलकूप चलाने की जरुरत नहीं रही तो घरेलू बिजली की कटौती शुरू कर दी गई। हल्की बारिश होते ही आपूर्ति बंद कर दी जाती है। खास बात तो यह है कि यदि देर रात बारिश हुई तो बिजली पहले काट दी जाती है और बारिश बंद होने के बाद भी नहीं दी जाती। जानकारी करने पर बताया जाता है कि फाल्ट से सप्लाई नहीं लग रही है। अब सुबह होने पर जब लाइनमैन आयेंगे तभी बिजली मिलेगी। यह स्थितियां लगातार बनी हुई हैं जिससे लोग परेशान हैं। बिजली कब आई और कब चली गई किसी को नहीं पता। बिजली न मिलने से पूरी रात गर्मी से लोग वेहाल रहते वहीं मच्छरों का प्रकोप सोने भी नहीं देता। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि बारिश के चलते बिजली काटी जाती है। बारिश होने पर फाल्ट आ जाता है।

# गोकशी के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़, गोली लगने से घायल

## शमशाबाद पुलिस की कार्रवाई, साथी को भी पकड़ा, दो तमंचे, कारतूस, बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोकशी के आरोपी को पुलिस ने सोमवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके साथी को भी पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के पैर में गोली लगने से उसे शमशाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

सोमवार की रात शमशाबाद थाना पुलिस वांछित अपराधियों की तलाश कर रही थी तभी थाना अध्यक्ष तरुणसिंह भदौरिया की टीम ने गश्त के समय नगला नान के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को बाइक पर सवार होकर जाते देखा। पुलिस ने बाइक सवारों को रुकने को कहा तो पुलिस को देखते ही बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी बचाव करते हुए जवाबी गोली चलाई तो पैर में गोली लगने से समैचीपुर चितार निवासी 52 वर्षीय शकील पुत्र नबी आलम घायल हो गया। पुलिस ने शकील व उसके साथी रियाजुद्दीन को भी पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 2 तमंचे, कारतूस व बाइक बरामद हुई। घायल शकील को शमशाबाद सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालात गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया। थानाध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया ने बताया कि शकील व रियाजुद्दीन गोकशी मुकदमे के वांछित अपराधी है। शकील से पूछताछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि भाई बांके के साथ मिलकर 27 जून को तराई में समैचीपुर चितार गांव के पास गोकशी की थी। जब इस सम्बन्ध जानकारी हुई कि भाई बांके और उसके विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है तो वह गांव के साथी रियाजुद्दीन के साथ फर्रुखाबाद चला गया था। वहां से रियाजुद्दीन के साथ मोटर साइकिल से अपने घर वापस आ रहा था। तभी ग्राम नगला नान के पास मोटर साइकिल की लाइट की रोशनी में पुलिस की गाड़ी दिखायी दी तो भयभीत होकर मोटरसाइकिल वापस मोड़ने की कोशिश की तो मोटर साइकिल फिसल गई।

# जामा मस्जिद से उठाया गया चौथी का अलम

संवाददाता, कायमगंज



अलम का जुलूस निकालते समाजजन।

**अमृत विचार।** कायमगंज नगर की जामा मस्जिद से चौथी का अलम खानसामा कमेटी ने बड़े ही शिद्दत के साथ उठाया।

जनाबे हुसैन की याद को ताजा करते हुए अकीदतमंदों ने या अली, या हुसैन के नारे लगाते हुए नजर अलम उठाया। मातमी धुनों की थाप से नगर गूंज गया। वहीं आसपास के क्षेत्र व नगर के मोहल्लों से पुरुष, महिलाएं व बच्चे बड़ी तादाद में अलम को देखने के लिए सड़कों के दोनों तरफ एकत्रित हुए। नगर में लोगों ने ठंडा पानी, शर्बत आदि का इंतजाम किया। चौथी का अलम नगर की जामा मस्जिद से उठाया गया और मोहल्ला काजम खां, बजरिया, श्यामा गेट, लोहाई बाजार, मेन चौराहा, गल्ला मंडी होता हुआ जटवारा पहुंचा। जहां अलम का समापन हुआ।

इस मौके पर खानसामा कमेटी के सदर आरिफ, फरीद के आलावा शादान, शाहजेव, जावेद, आसिफ, गुड्डू भाई, राजा, नेहाल, बबुआ, तौफीक, इमरान, इदरीश, आवेज, इरफान, फहीम, शरीफ मियां, आमिर आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### बाइक चला रहे दो किशोर पेड़ से टकराकर घायल

**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र में दो किशोर बाइक चला रहे थे। तभी अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गई। इससे दोनों गंभीर घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी राजेश कुमार का 15 वर्षीय पुत्र मोहन व कमलेश का 11 वर्षीय पुत्र आशीष घर से बाइक लेकर घूमने निकले थे। दोनों घर से कुछ दूरी पर पहुंचें ही थे तभी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जाकर टकरा गई। दोनों किशोर गंभीर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों के परिजनों को सूचना दी। तभी परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

### मृतक दिखा रोकी पेंशन, डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**फर्रुखाबाद।** सदर तहसील क्षेत्र के गांव कीरतपुर के जीवित छविनाथ लोधी को मृतक दिखा कर वृद्धावस्था पेंशन रोक देने के मामले को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गंभीरता से लेते हुए तीन दिन में पेंशन शुरू कराने निर्देश जिम्मेदारों को दिए। उलेखनीय है कि छविनाथ लोधी जीवित है उनकी चार पुत्रियों की शादी हो चुकी है, वृद्ध है आय का कोई साधन नहीं है लेकिन जीवित होने के बाद भी मृतक होने की आख्या के आधार पर पेंशन रोक दी गई। कई बार शिकायत करने के बाद भी पेंशन शुरू नहीं हो सकी। मंगलवार को छविनाथ लोधी वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कटियार के साथ जिलाधिकारी से मिले, जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तीन दिन में समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कटियार ने कहा कि जीवित को मरा दिखा कर पेंशन रोकना गंभीर संवैधानिक अधिकारों के हनन का मामला है, यदि शीघ्र समस्या न सुलझी तो वह न्यायालय में याचिका दाखिल करेंगे।

### कच्ची छत के मलबे में दबकर वृद्ध सहित चार घायल

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाना क्षेत्र में एक कच्ची छत गिर गई। उसके मलबे में दबकर वृद्ध सहित परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़नावैध के एक मकान के बरामदे की कच्ची छत तड़के करीब 5 बजे अचानक भरभरा कर गिर गई। बरामदे में गहरी नींद में सोए वृद्ध राम प्रकाश, उनका पुत्र हरेंद्र, पुत्रवधू रीना देवी तथा ओमनारायण मलबे में दब गए। ग्रामीणों के अनुसार छत गिरने की तेज आवाज होने पर चीख पुकार मच गई। पड़ोसी अपने-अपने घरों से घटनास्थल पर एकत्र हुए और फावड़ों से मलबे को आनन-फानन में हटाकर दबे हुए लोगों को बाहार निकाला। सभी को सामुदियक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**फर्रुखाबाद।** संदिग्ध हालात में विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गढ़ी मुकीम खां भीकमपुरा निवासी 28 वर्षीय हिना अंसारी पुत्री शीश अंसारी गत शाम लगभग 6 बजे अचानक घर के निचले हिस्से में गिर गई, हिना के ससुरालियों के अनुसार हिना को तत्काल निजी अस्पताल में लेकर पंहुचे, जहां हिना को हार्डअटैक बताया। कुछ देर में ही उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। ससुराली शव लेकर घर आ गये। मृतका हिना के पति शीश ने बताया कि वह विगत 6 सालों से जयपुर में रहकर छपाई का कार्य करता था। जयपुर से उसकी पत्नी हिना बीते 6 माह पूर्व अपने मायके मऊदरवाजा के ग्राम खिनमिनी आ गयी थी। शीश उसे बीते बुधवार को बुलाकर घर भीकमपुरा लेकर आ गया था। जहां वह गिर गयी और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। हिना की मौत पर उसके पिता शाकिर व मां रईसा बेगम आदि मौके पर पंहुचे और ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया।

### नाले में वृद्ध का शव मिलने से फैली सनसनी

**उरई।** शहर की राठ रोड पर मंगलवार की सुबह बाइक एजेंसी के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर वहां मौजूद नाले में पड़े वृद्ध के शव पर पड़ गई। खबर मिलते ही सीओ सिटी अर्चना सिंह व शहर कोतवाल अरुण कुमार राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को बाहर निकलवाया। शुरुआती जांच में मृतक की पहचान राठ रोड निवासी बुजुर्ग सतम बाल्मीकि 65 वर्ष के रूप में की गई है। इसे लोगों द्वारा शराब का आदी बताया जा रहा है। पुलिस आशंका जता रही है कि बुजुर्ग नशे की हालत में नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि मौत के स्पष्ट कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। प्रारंभिक जांच में मृतक के कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं।

### मारपीट में युवक की गई जान

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक की मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही युवक पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया निवासी ख्याली राजपूत का 34 वर्षीय अविवाहित पुत्र रामपाल ने सोमवार की देर शाम शराब के नशे में गांव के ही डालचंद के पुत्र मनोज अहिरवार 35 के साथ गाली-गलौज करते हुए चप्पल मार दी थी। इस दौरान गुस्से में आकर मनोज ने रामपाल पर चारपाई के डंडे से सीने और पेट पर वार कर घायल कर दिया। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई और परिजनों ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर शशिकांत चौहान ने घटनाक्रम के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि रामपाल शराब का आदि था, मामला संदिग्ध है।

### जेल में बंद सेवानिवृत्त लेखपाल की उपचार के दौरान मौत

**उरई।** जानलेवा हमले के आरोप में जिला जेल में सजा काट रहे सेवानिवृत्त लेखपाल की हालत बिगड़ने से मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांदनी निवासी 67 वर्षीय सेवानिवृत्त लेखपाल पर 1983 में एक जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जो इसी मुकदमें में ट्रायल के बाद लेखपाल को 10 माह की सजा सुनाई गई थी। बताया गया कि लेखपाल ने जेल में नौ महीने गुजार लिए थे और 13 जुलाई को सजा पूरी होने के साथ उनकी रिहाई होनी थी। लेकिन जेल में ही फेफड़ों में इंफेक्शन हो जाने के कारण जेल प्रशासन ने 26 जून को उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। जहां पर उनका इलाज चल रहा था और सोमवार की रात को अचानक हालत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पुत्र प्रवीण व देवेंद्र के साथ पत्नी मांडवी सहित अन्य परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए।

### मां वनखण्डी देवी मन्दिर में भाजपाइयों ने रोपे पौधे

**कालपी जालौन।** मां वनखंडी देवी शक्तिपीठ कालपी धाम के परिसर में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत महंत श्री जमुनादास जी महाराज के सानिध्य में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा नीम एवं आंवले के पौधे रोपे गये। पौधरोपण में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला महासचिव शशिकांत सिंह चौहान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, अरविंद सिंह राठौर, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला महासचिव दिग्विजय प्रताप सिंह, अमरदीप पांडे, सतेंद्र सिंह चौहान, राजेश द्विवेदी, डॉक्टर विजय सिंह यादव, अंकित ठाकुर महर्षि सैनी, बाबू सिंह यादव, मनोज गुप्ता, कमलेश यादव, लाला यादव, शैलू चौहान, अमन श्रीवास्तव, अतुल शुक्ला, संदीप ठाकुर, अरविंद राठौर, मयंक श्रीवास, गगन गुप्ता, संजय सोनकर, आलोक यादव, गंगाराम प्रजापति, अंजनी चौहान, राजेंद्र पुरवार, अभिषेक तिवारी, ओम सिंह, आशीष यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गिफ्ट सेंटर में शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, हजारों का नुकसान

संवाददाता, कायमगंज



गिफ्ट सेंटर में आग से जला पड़ा सामान।

**अमृत विचार।** कायमगंज नगर में एक गिफ्ट सेंटर में शार्ट-सर्किट से आग लगने से हजारों का समान जल गया।

नगर के मोहल्ला नुनहाई निवासी जीशान मोहल्ले में ही गिफ्ट सेंटर व बच्चों के खिलौने का काम करता है। जिसे वह रायल गिफ्ट सेंटर के नाम से चलाता है। बीती रात दुकान में शार्ट-सर्किट से आग लग गई, जिससे दुकान का सामान जल गया। सुबह जब लोग उधर से निकले तो दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा तो लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। तभी वह आनन-फानन में दुकान पर आया और ताला खोलकर देखा तो दुकान का सामान जल रहा था। आसपास के लोगों की मदद से सबमर्सिबल पंप व हैंडपम्प से पानी भर कर आग पर काबू पाया जा सका। बताया कि आग से कई तहर के गिफ्ट जल गई जबकि कई गिफ्ट आग से आपस में चिपकर कर बेकार हो गए हैं। जीशान का कहना है कह आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

# चकबंदी के विरोध में भाकियू टिकैत गुट धरने पर बैठा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन टिकेत गुट के जिला अध्यक्ष अजय कटिहार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अन्नदाताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को जिलाधिकारी से चकबंदी प्रक्रिया को लेकर बातचीत हुई। उसके बावजूद भी प्रशासन बात नहीं सुन रहा।

अध्यक्ष अजय कटिहार ने आरोप लगाया कि इस संबंध में वार्ता होनी थी, लेकिन वार्ता से पहले ही चकबंदी टीम बराकेशव चली गई। हम कलेक्ट्रेट परिसर में ही में बैठे रहे। जबकि यह तय हुआ था कि सुबह 11 बजे वार्ता होगी लेकिन वार्ता से पहले टीम नहीं भेजी। कहा कि प्रशासन के इस मंसूबे से यह स्पष्ट है कि वह वार्ता केवल दिखावा के लिए करना चाहते हैं। कहा कि एडीएम न्यायिक कह रहे हैं कि बरा केशव के विषय में चकबंदी के विषय में एक हाईकोर्ट में रिट हुई है। हाईकोर्ट में रिट वह लोग कर रहे हैं जो बराकेशव के निवासी नहीं है। आरोप लगाया कि प्रशासन के दिमाग में खोट है। जानबूझ कर हाईकोर्ट में रिट प्रशासन ने डलवाई है। भारतीय किसान यूनियन ने यह आरोप कलेक्ट्रेट प्रांगण में धरना के दौरान लगाया है और कहा कि यह मामला ऐसे निपटने वाला नहीं है। प्रशासन ने बात न मानी तो कानपुर मंडल के सभी जिला अध्यक्ष सहित विजय सिंह यादव आएंगे। यह एक बड़ा आंदोलन पहले से ही प्रस्तावित था। शाम तक जिला प्रशासन अपने पत्ते नहीं खोलता तो हम खोलेंगे। जिस तरीके से हमने टोल प्लाजा की लड़ाई लड़ी थी एक बार फिर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की लड़ाई को देखें।

# केक काटकर मनाया सपा मुखिया का जन्मदिन

संवाददाता, कालपी जालौन



अखिलेश का जन्मदिन मनाते सपाई। अमृत विचार



केक काटते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव।

**अमृत विचार।** मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री तथा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन के अवसर पर कालपी में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्थानीय नगर के मोहल्ला रामगंज में सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिव बालक सिंह यादव के आवास पर आयोजित जन्म दिवस समारोह के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा तथा स्काउट शिक्षक सुरेश चंद्र वर्मा ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए अखिलेश यादव ने बराबर संघर्ष किया। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिव बालक सिंह यादव ने अखिलेश यादव की नीतियों की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।,राकेश यादव, संतराम यादव, राधेश्याम यादव तिरही, रूप सिंह यादव, सुनील ठाकुर, अखिलेश यादव, आशाराम यादव, आदित्य यादव आदि कार्यकर्ताओं शामिल रहे। इसी तरह पीडीए के तत्वावधान में किलकारी हॉस्पिटल के बगल में नेशनल हाईवे कालपी में सपा के विधानसभा अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर पीडीए के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अजहर बेग तथा प्रदीप दीक्षित ने सपा की नीतियां बताईं। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अजीत सिंह के द्वारा किया गया। हरिमोहन सिंह यादव, कल्लू नेता काशी खेड़ा, दीपू यादव, अमर सिंह चंदेल, ओवैस पठान मौजूद रहे।

### 2027 में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने समर्थकों के साथ अपने आवास पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का केक काटकर हर्षोल्लास से जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सभी ने वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने बघार स्थित मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल स्थित अपने आवास पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का 52वां जन्मदिन केक काटकर मनाया। मौजूद लोगों ने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कहा कि भाजपा की सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। भाजपा विकास नहीं विनाश के रास्ते पर जनता को ले जा रही है। इस दौरान तहसीन सिद्दीकी, नदीम अहमद फारूकी, प्रदीप यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोहित यादव, आफताब आलम, मो. अफसान खान आदि मौजूद थे।

# रक्त देने पहुंचे सपाइयों को प्राचार्य ने लौटाया

कार्यालय संवाददाता, उरई



मेडिकल कॉलेज परिसर में नारेबाजी करते सपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान करना चाहते थे। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर और पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत के नेतृत्व में दर्जनों सपाई घायलों के जीवन बचाने हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। जब सभी सपाई रक्तदान करने के लिए मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक हाल में पहुंचे तो मेडीकल कॉलेज प्रशासन ने सपा नेताओं का ब्लड लेने से इनकार कर दिया।

जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक ने मेडिकल प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी पर आरोप लगाते हुये रक्तदान न करवाने की बात कही। वहीं प्राचार्य ने कहा कि ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त है, उन्हें रक्त की आवश्यकता नहीं है। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि मेडिकल प्रशासन और प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी की मानसिकता अच्छी नहीं है, वे समाजवादियों को भेदभाव की दृष्टि से देख रहे हैं इसलिए समाजवादियों का खून नहीं लेना चाहते। पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा की इससे साफ जाहिर होता है की मेडिकल प्रशासन ने भेदभावपूर्ण मानसिकता के तहत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का रक्त नहीं लिया है।

इस दौरान तारिक तालाब, रविंद्र यादव, मुन्ना अंसारी, पुष्पेंद्र यादव, इमरान उल्ला, शबीउद्दीन, आशीष बुंदेला, सुनील पाल आदि लोग मौजूद रहे।

विद्यालयों में रौनक | स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ, स्कूल पहुंचे बच्चों को खिलाई मिठाई

# पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का माला पहनाकर स्वागत

संवाददाता, कालपी जालौन



पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों को टीका लगाते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की अगुवाई में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच संचालित किया गया है। इसी के साथ पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का टीका लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़गुवा में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ग्राम प्रधान गढ़गुवा राजू सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के पूर्व विद्यालय में बच्चों का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। वहीं ग्राम में निकाली गई रैली में खंड शिक्षा अधिकारी महेवा ने ग्राम वासियों से संपर्क करते हुए अपने बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में करने हेतु प्रेरित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी, महेवा ने शिक्षकों के साथ विद्यालय में नामांकन बढ़ाने हेतु गांव में घर-घर संपर्क भी किया। इस संपर्क अभियान में ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, विद्यालय के समस्त शिक्षक भी साथ रहे।

### विद्या मंदिर में पूजा अर्चना के साथ शिक्षण सत्र शुरू

**कालपी।** मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर सदर बाजार कालपी में ग्रीष्म अवकाश के पश्चात नये शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस का आरम्भ मां शारदे के पट पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर सरस्वती वंदना से किया गया। जिसमें शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन प्रबन्धक हरभूषण सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष लल्लू राम गुप्ता, एवं प्रधानाचार्य देवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। मां सरस्वती की वंदना के बाद विद्यालय के पूर्व शैक्षिक सत्र के आचार्य व आचार्या बहनों एवं समस्त स्टाफ को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बहन सोनाली जी द्वारा किया गया। सभी छात्र, छात्राओं, आचार्य, आचार्या बहनें एवं समस्त स्टाफ ने सहभागिता की। प्रबंधक हरभूषण सिंह चौहान ने शिक्षक, शिक्षिकाओं से आह्वान किया कि नवीन शैक्षणिक सत्र में बेहतर शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

# बच्चे पहुंचे स्कूल तो मिलीं चाकलेट और किताबें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



बच्चों को खाने के लिए चाकलेट आदि देते डीएम व बीएसए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिले के स्कूलों में पहले दिन बच्चों का जमकर स्वागत हुआ। स्कूलों को गुब्बारों से सजाया गया। वहीं गेट पर तिलक कर उन्हें चाकलेट आदि खाने की चीजें दी गईं।

जिला अधिकारी ने बताया कि सभी स्कूलों में बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया है और उन्हें पाठ्य पुस्तक भी वितरित की गई हैं। जिला अधिकारी खुद कई स्कूलों में गए और बच्चों को गिफ्ट स्वरूप खाने की चीजें दीं। अमृतपुर संवाददाता के अनुसार विकासखंड राजेपुर के संवलियन विद्यालय नगलाहूशा में एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने विद्यालय में नव प्रवेश लेने वाले छात्रों का तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमदत्त शुक्ला ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भाऊपुर चौरासी में प्रधानाध्यापक रविदत्त शुक्ला, संविलयन विद्यालय ताजपुर में प्रधानाध्यापक भृगुदत्त शुक्ला, नयागांव विद्यालय में प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार अग्निहोत्री, भुवनपुर विद्यालय में प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार ने स्वागत किया।

# दो घरों से 50 लाख के जेवर व नकदी पार

## परिवार के लोग सोते रहे नहीं लगी चोरी की भनक, घटना से लोगों में दहशत

संवाददाता ताखा इटावा

● नगला दुली गांव में सोमवार रात चोरों ने वारदात को दिया अंजाम

● पुलिस और डॉग स्क्वायड ने मौके पर पहुंच कर की जांच

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के नगला दुली गांव में सोमवार रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। गांव के दो अलग-अलग घरों में सेंधमारी कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

नगला दुली निवासी सत्यवीर के घर में चोरों ने सबसे बड़ी चोरी को अंजाम दिया। सत्यवीर के बेटे अनुज के अनुसार रात में वह अपने छोटे भाई अनुरुद्ध के साथ दूसरी मंजिल पर बने कमरों में अपनी अपनी पत्नियों खुशबू और प्रियंका के साथ सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने छत से आकर हम दोनों के कमरों की कुंडी बाहर से बंद कर पहली मंजिल पर स्थित दो कमरों को खोलकर उसमें रखी अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे 400 ग्राम सोने व 750 ग्राम चांदी के जेवरात समेत करीब दो लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने सुरेश यादव के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर उनके घर से उनकी बेटी रीना व बहू सृष्टि के सोने जाचंदी जेवरात के साथ नकदी भी चोरी कर ले गए। सुरेश यादव का परिवार भी रात को गहरी नींद में था और चोरों ने इसका फायदा उठाया।


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया है, जिसने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटा जुटाये हैं। वहीं प्रभारी निरीक्षक ऊसराहार बलराम मिश्रा ने बताया कि दोनों घरों के लोगों से घटना की जानकारी की जा रही है। अभी दोनों घरों के लोगों ने तहरीर नहीं दी है मामले की जांच की जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि हर प्रकार से जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा। साथ ही उनका कहना कि पुलिस की गश्त भी बढ़ा दी गई है और लोगों को भी सूचित किया जाता है कि अगर कहीं पर भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता हे तो उसके बारे में तत्काल जानकारी दे। ताकि पुलिस अपना काम कर सके।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**बकेवर।** स्थानीय कस्वे से आटो में बैठकर इटावा जा रहे एक व्यक्ति को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल किया।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के शिव कॉलोनी के रहने वाले राज कुमार पुत्र छोटे लाल ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि वह बकेवर कस्बा के चौराहे से बैठक कर ऑटो से इटावा जा रहा था कि तभी दो नामजद आरोपित ने ऑटो रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे । जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने आसपास के दुकान आ गए तो उक्त लोग धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल भिजवाने के बाद हिमांशु पुत्र अवनीश कुमार व कुलदीप कठेरिया पुत्र राम वीर निवासीगण सुभाष नगर बकेवर के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

# अखिलेश को ब्राह्मणों से नफरत है : प्रांशुदत्त

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सोमवार को देररात बकेवर क्षेत्र के दांदरपुरा गांव पहुंचे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने लोगों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल लिया। साथ ही उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश यादव एक विशेष बिरादरी के लिए सोच रखते हैं। वह ब्राह्मणों से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में अखिलेश यादव ने सिर्फ एक पक्ष की बात सुनी और उन्हीं की बात रखी। साथ ही कहा कि गांव पर चढ़ाई करने के लिए आए सैकड़ों युवा अखिलेश यादव के नहीं थे तो किसके थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उपद्रव करने वालों को उनका ही संरक्षण था।

सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वह अपने लोगों को शांत नहीं कर रहे थे। वह यह संदेश दे रहे थे कि 2027 तक रुक जाओ अभी हमारी सरकार नहीं है। 2027 में सरकार आ जाए तब धूमधड़ाके से आ जाना। उन्होंने कौशांबी, आगरा, गोरखपुर की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वह घटनाओं में आधी ही बात करते हैं। उन्होंने अखिलेश यादव की ओर से धीरेंद्र शास्त्री पर की गई टिप्पणी को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि खुद की सभाओं में करोड़ों खर्च करते हैं । आप ब्राह्मणों को निशाना बनाते हैं। बोले- यदि आपको ब्राह्मणों का साथ चाहिए तो आप मथुरा के लिए कूच करिए। लोकसभा के चुनाव से अखिलेश को पीडीए का लाभ नहीं बल्कि आरक्षण खत्म होने को लेकर फैले गलत संदेश का फायदा मिला। कहा कि 2027 में जनता आपको जवाब देगी। उन्होंने अखिलेश यादव की तुलना मुगलों से कर दी। इससे पूर्व उन्होने दांदरपुरा कांड के पीड़ितों से मुलाकत की और घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। इस मौके पर अंशुल दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा , प्रशांत राव चौबे जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा संजू चौधरी आदि मौजूद रहे।


भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी साथ में अन्य। अमृत विचार

● दांदरपुरा के पीड़ितों से मुलाकात कर जाना उनका हालचाल

# भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** एक पेड़ मां के नाम अभियान में सामाजिक वानिकी की ओर से पौधरोपण किया गया। सुनवारा वन ब्लॉक के 5 हेक्टेयर क्षेत्र में त्रिवेणी वन बनाया गया। इसका शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पौधा लगाकर किया। सोमवार को सुबह से हो रही बारिश के बीच ही पौधे लगाए गए। इसके साथ ही पौधे लगाए जाने का संदेश भी दिया गया।

इस मौके पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को प्रकट करता है। अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर पेड़ लगाकर स्थाई स्मृति बनाना है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी विकास नायक ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सीट वॉल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव चलाया जाएगा। इस अवधि में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं को गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भी दिया जाएगा। इस मौके पर वन्य जीव विशेषज्ञ डा. राजीव चौहान, एसडीओ विमल कुमार सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार शर्मा, अमित कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, प्रबल प्रताप सिंह, सत्यनारायण यादव, डॉ संगीता तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने भी पौधे लगाए।


पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद विधायक सरिता भदौरिया, डीएफओ विकास नायक।

● एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बनाया गया त्रिवेणी वन

## शहर कांग्रेस कमेटी की सूची हुई जारी

**इटावा।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शहर कांग्रेस अध्यक राशिद खान के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की। शहर कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष मो. राशिद के अलावा 5 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, 20 सचिव शामिल हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, कोमल सिंह कुशवाह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष पल्लब दुबे, प्रवक्ता वाचस्पति दुबे, प्रशांत तिवारी, शोएब रिज़वी, आसिफ जरदान समेत अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई। शहर अध्यक्ष राशिद खान ने कहा कि समस्त नव नियुक्त पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निकाली रैली


रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमओ डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने एवं आम जनमानस को जागरूक करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीके सिंह ने मेडिकल केयर यूनिट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली मेडिकल केयर यूनिट से होती हुई पचराहा, कोतवाली चौराहा, नगर पालिका परिषद चौराहा होते हुए मेडिकल केयर यूनिट पर संपन्न हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉ सत्येंद्र सिंह यादव ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीनिवास यादव, बी एल संजय, एसएन सिंह, अनिल तोमर, अनुज बाजपेई, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार रहे।

## सार-संक्षेप

### महिला डॉक्टर से मोबाइल लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**सैफई ।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में कार्यरत महिला डॉक्टर से मोबाइल लूट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का एप्पल कंपनी का आईफोन बरामद हुआ है। हालांकि वारदात में शामिल दूसरा युवक अभी फरार है । विश्वविद्यालय के सर्जरी विभाग में तैनात डॉ. सौम्या त्रिपाठी रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास के बाहर खड़ी थीं, तभी बाइक सवार दो युवक आए और उनके हाथ से आईफोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जांच शुरू की। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे सैफई थाना प्रभारी राकेश शर्मा व पीजीआई चौकी प्रभारी ललित कुमार ने अमिताभ बच्चन इंटर कॉलेज के पास से एक आरोपी गोपाल 20 वर्षीय पुत्र नरेश गिहार, निवासी गिहार कॉलोनी करहल कोतवाली जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। मुख्य आरोपी संदीप पुत्र राजेशगिहार अब भी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### पत्नी को विदा न करने से नाराज युवक ने जहर खाया, मौत

**बसरेहर ।** जसवंत नगर क्षेत्र के गांव भतौरा निवासी राहुल कुमार दिवाकर 28 वर्ष पुत्र जबर सिंह सोमवार को पत्नी लक्ष्मी की विदा कराने बसरेहर पहुंचा था। वहां पर दोनों में विवाद हो गया और ससुरालीजनों ने उसे भेजने से मना कर दिया। उसका पत्नी से दहेज को लेकर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। बाद में उसे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी मिलने पर ससुरालीजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी ले गए जहां से उसे पीजीआई भेज दिया गया जहां उसकी मौत हो गई। सीओ सैंफई ने बताया कि जहर खाने से युवक की मौत हुई है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कम्प्यूटर प्रशिक्षण को ऑनलाइन आवेदन करें

**इटावा ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि :शुल्क ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जा रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी शम्सी इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी, इटावा के निदेशक ने देते हुए बताया कि अन्य पिछडा वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित वेबसाइट पर अपना आवेदन 14 जुलाई से पूर्व करा लें। उन्होंने बताया कि चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण शम्सी इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी (सिट) कटरा सेवा कली इटावा पर प्रशिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी द्वारा दिया जायेगा।

### दो उपनिरीक्षकों को दी गई विदाई

**इटावा ।** पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए दो उपनिरीक्षकों के विदाई समारोह का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में किया गया जिसमें उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त उप निरीक्षकों उपनिरीक्षक लिपिक राजकुमार व उपनिरीक्षक रामशंकर को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### सुन्नी समाज ने सजेरी अलम, चौकियों का निकाला जुलूस

**इटावा ।** हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में संजेरी, अलम, चौकियो का जुलूस मोहल्ला विशनू बाग गाडीपुरा से मोहम्मद जहीर उर्फ पिन्नक की देखरेख में उठाया गया। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से मामा मिल, कबीरगंज, रामगंज चौराहा, कटरा साहब खां दरगाह वारसी, शाह कमर उर्दू मोहल्ला नया शहर मोहल्ला, नौरंगाबाद, कुचा शील चन्द, साबित गंज सिंगल वाली मस्जिद, बलदेव चौराहा होता हुआ देर रात को अपने मुकाम विशनू बाग पर समाप्त हुआ। संजेरी अलम चौकियों की छटा देखने लायक थी। जुलूस के अगले भाग में अलम ध्वज चल रहे थे, जिसपर ढोल तासों के साथ मातम हो रहा था। बैंड व मैटाडोर पर लाउडस्पीकर द्वारा कैस्टो से हजरत इमाम हुसैन की शहादत और शहीदाने कर्बला का मंजर मातमी धुनों के साथ हो रहा था। संजेरी जुलूस में अकीदतमंद श्रद्धालु या अली, या हुसैन के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इसी क्रम में सजेरी जुलूस उर्दू मुहल्ला से मुहम्मद इकबाल कुरैशी पुत्र शहाबुद्दीन के की देखरेख जुलूस निकला। जुलूस में भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोइनुद्दीन उर्फ गुड्डू मंसूरी, वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी, इन्तिजार अहमद खान, मोहम्मद रशीद, सौराब, आमीन, पप्पू, नौशाद, अजीम, समीर, यूनुस, युसूफ, नासिर ,आसिफ, लाडला, गुड्डु खलीफा शमशाद, नौशाद, मुमताज चौधरी आदि लोग शामिल रहे। इस दौरान वहां पर आए सभी लोगों का मोहम्मद जुहीर उर्फ पिन्नक ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

# संचारी रोग अभियान के चलते शुरू हुई साफ सफाई


साफ – सफाई करते सफाई कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गौतम, एवं प्रदेश महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव, के निर्देश पर एक जुलाई से संचारी रोग अभियान की शुरूआत करते हुए संचारी रोग के बारे में आम जनता को जागरूक करते जिलाध्यक्ष धर्मेद्र सिंह ने ग्राम पंचायत कछपुरा विकास खंड बढ़पुरा में संगठन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ग्राम प्रधान दारा सिंह की देखरेख में अभियान चलाया और जनता को जागरूक किया । सफाई अभियान में भीम सिंह जिलामंत्री,शिव मंगलदास जिला प्रभारी, राजीव कुमार, विनोद यादव जिला उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ,गजराज सिंह राजपूत , अजय कुमार राय पूर्व जिला कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ किरन देवी, कमला देवी, उर्मिला देवी, माया देवी,आदि कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों का हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता इटावा

● बच्चों का टीचरों और स्कूल प्रबंधन ने टीका लगाकर व माला पहना कर किया स्वागत

**अमृत विचार ।** मंगलवार को गर्मी की छुट्टियों के बाद प्राथमिक एवं प्राइवेट स्कूल एक बार फिर से खुल गए है और उनमें पढ़ाई की शुरुआत हो गई। गर्मी की छुट्टियों के बाद जब विद्यालय खुले तो बच्चे भी चहकते हुए विद्यालय पहुंचे।

कई विद्यालयों में बच्चों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर शिक्षकों ने स्वागत किया। पहले दिन ही काफी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंच गए, जहां उनका स्वागत करने के साथ ही पढ़ाई की शुरुआत भी हो गई। हालांकि पहले 16 जून से विद्यालय खुलने थे लेकिन उस समय भीषण गर्मी को देखते हुए निर्णय लिया गया कि इन विद्यालयों को 1 जुलाई से दोबारा खोला जाए। 1 जुलाई को जब विद्यालय खुले तो अच्छे मौसम में बड़ी संख्या में बच्चे विद्यालय पहुंचे यहां उनका स्वागत भी किया गया।

स्कूलों के खुलने के बाद विद्यालयों में नये एडमीशन पर ही जोर दिया जा रहा है। इसके लिए 1 जुलाई से ही स्कूल चलो अभियान भी एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। कई स्थानों पर स्कूल चलो अभियान की रैली भी निकाली गई। इसमे बच्चों व शिक्षकों ने विद्यालय ना जाने वाले बच्चों के अभिभावकों को एडमीशन के लिए प्रेरित किया। 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों का नामांकन किए जाने की कवायद चल रही है। गर्मी की छुट्टियों से पहले भी स्कूलों में बच्चों ने एडमीशन ले लिए थे। वहीं हाईवे स्थित सुदिति ग्लोबल स्कूल में गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद बच्चे स्कूल पहुंचे तो कालेज के स्टाफ ने बच्चों का स्वागत किया। कालेज पहुंचने वाले बच्चों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया । इसके अलावा प्राथमिक स्कूलों में पहुंचे बच्चों का भी अध्यापकों के द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। कुछ विद्यालयों में बच्चों को मिठाई भी खिलाई गई स्कूल खुलने के बाद पढाई काम शुरू कर दिया गया है।


प्राथमिक स्कूल के बच्चों को माला पहनाकर स्वागत करते अध्यापक।


सुदिति ग्लोबल स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करतीं शिक्षिकाएं।

आयोजन | धूमधाम से मनाया सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन, केक काटकर छुड़ाई आतिशबाजी , लोगों को बांटी मिठाई

# सपाइयों ने 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिन पूरे जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने केक काटे व उनके दीर्घायु होने की कामना की।

जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रदीप शाक्य बबलू ने पूर्व राज्य मंत्री राम सेवक यादव, विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सतायु होने की कामना की। इस मौके पर सर्वेश शाक्य, पीडीए प्रभारी उदयभान सिंह यादव, अनीता यादव, लीलावती राजपूत, कुलदीप गुप्ता संटू, लाखन सिंह जाटव, , जिला अध्यक्ष महिला सभा सीमा यादव, जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड नरेंद्र पाल, जिलाध्यक लोहिया वाहिनी किशन यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत दुल्ले, हाशिम कुरैशी, जैनुल आब्दीन, अनीस चौधरी, रिजवान कुरैशी आदि ने अखिलेश यादव की लंबी उम्र की कामना की।

**जसवंत नगर** प्रतिनिधि के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस के अवसर पर सपा कार्यालय पर बड़ी संख्या में सपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के चित्र के समक्ष केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव, भुजवीर सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र सिंह गौर हाजी शमीम खा, जितेंद्र यादव मोना, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर यादव रहे।

**भरथना प्रतिनिधि** के अनुसार अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिवस पर समाजवादी पार्टी के नेता पदाधिकारियों ने पूर्ण उत्साह व उमंग के साथ अपने प्रिय नेता के चित्र पर तिलक वन्दन कर और लडडू का भोग लगाकर उनके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर पूर्व मंत्री अशोक यादव, श्रीकृष्ण यादव, पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बण्टी, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष किशन यादव, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा वकीलों ने डीबीए हाल में मनोज शाक्य के नेतत्व में जन्म दिन मनाया और मिठाई बांटी । इस मौके पर डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर, देवेंद्र पाल महामंत्री, रामनाथ सिंह यादव, योगेश यादव राजू , अनिल वर्मा, गुड्डू चौहान , अभिनय यादव , राजेश वर्मा , सुभाष चंद्र, बीनू चौधरी , वसीम अंसारी , देवेंद्र मिश्रा , हैप्पी ठाकुर, , अवनीश यादव , अमित भदौरिया , मनीष बघेल , शैलेंद्र यादव मौजूद रहे।


सपा जिला कार्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपाई।


भरथना में अखिलेश यादव का जन्म दिन मनाते पूर्व मंत्री अशोक यादव व अन्य।

# जिला स्तरीय अधिकारियों को बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जिले के आठ ब्लाकों में तैनात बीडीओ का तबादला कर दिया गया है। सभी ब्लॉकों को नए खंड विकास अधिकारी मिले हैं। खंड विकास अधिकारियों की कमी होने के कारण कुछ जिला स्तरीय अधिकारियों को भी बीडीओ का काम का सौंपा गया है।

इस क्रम में जिला कृषि अधिकारी ओमकार सिंह को बढ़पुरा का खंड विकास अधिकारी बनाया गया है तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रमेश चंद्र नेहरा को बसरेहर के बीडीओ के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी को सैफई ब्लॉक का बीडीओ बनाया गया है। दूसरे जिलों से आए नए खंड विकास अधिकारियों को भी ब्लाकों की जिम्मेदारी दी गई है। विजय शंकर भरथना तथा यदुवीर सिंह चकरनगर के खंड विकास अधिकारी बनाए गए हैं। ब्रज बिहारी त्रिपाठी महेवा तथा उदयवीर दुबे को जसवंतनगर का खंड विकास अधिकारी बनाया गया है, जबकि प्रदीप कुमार सिंह ताखा के खंड विकास अधिकारी होंगे। इसके साथ ही कुछ जिला स्तरीय अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद उपायुक्त मनरेगा का कामकाज भी देखेंगे, इसके साथ ही उपायुक्त श्रम व रोजगार की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई है। इसी तरह जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार को एनआरएलएम के उपायुक्त की अतिरिक्त जिम्मेदारी दीगई है।

## एक नजर

### बहू से परेशान सास ने पुलिस से लगाई गुहार

**अजीतमल।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र की चपटा निवासी ज्ञानवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। उसका पुत्र उपेन्द्र व पुत्रवधू उसके साथ आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करते हैं। 29 जून को दोनों ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। उधर, बाबरपुर के विद्यानगर की फातिमा ने भी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी पुत्रवधू उसके साथ आए दिन मारपीट करती है। घर में न रहने की धमकी देती है। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग महिलाओं को न्याय का भरोसा दिलाया।

### विहिप-बजरंग दल ने लगाया शिविर

**औरैया।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय बालिका विद्यालय गिहार बस्ती नारायणपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने जांच की और लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। शिविर में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड संयोजक मनमोहन, प्रखंड मिलन केंद्र प्रमुख हर्ष, विकास, विवेक, अभय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कई विद्यालयों में अभी तक नहीं बनी बाउंड्रीवाल

**बिधूना।** जिला पंचायत अध्यक्ष की ग्राम पंचायत मडोकमीत के गांव भगवंतापुर में प्राइमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल न होने से समस्याएं हैं, जबकि बाधमऊ के जूनियर हाईस्कूल में भी बाउंड्रीवॉल न होने से असुरक्षा का माहौल है। प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर के प्रधानाध्यापक रामकिशोर ने कहा कि विद्यालय में जहां आवारा पशु विचरण कर गंदगी करते रहते हैं, वहीं जलभराव आदि की समस्या बनी रहती है। चोर उचक्के भी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को लिखकर भी दिया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने कहा कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल का अतिशीघ्र निर्माण शुरू कराया जाएगा।

### मिशन शक्ति में महिलाओं को किया गया जागरूक

**अछल्दा।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में अछल्दा थाने की महिला पुलिसकर्मियों ने कस्बा, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं प्रमुख बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। महिला पुलिसकर्मी रेनू यादव के साथ टीम महिलाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, एंबुलेंस 108 की जानकारी दी।

# तबादले के बाद पंचायत सचिव ने किया 11.37 लाख का भुगतान

## हैंडपंप मरम्मत और हैंडपंप रीबोर के नाम पर सबसे अधिक निकाली गई रकम

संवाददाता, अजीतमल

- सचिव ने चार ग्राम पंचायतों में किया लाखों का भुगतान
- डीपीआरओ ने मामले की जांच कराए जाने की कही बात

> तबादले के बाद भुगतान किए जाने के मामले की जानकारी हुई है। इसकी जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –श्रीकांत यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी

**अमृत विचार।** अजीतमल ब्लॉक में वर्षों से डेरा जमाए ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का 15 दिन पहले तबादला कर दिया गया, लेकिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सिफारिश के कारण हटाए नहीं गए। एक पखवारे का मौका मिलते ही एक ग्राम पंचायत सचिव ने 11.37 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। अब अधिकारी जांच कराने की बात कह रहे हैं।

तबादला होने के बाद इन सचिवों को कार्यमुक्त करना था और अगले दिन ही नवीन तैनाती स्थल पर ज्वाइन करना था। जिन सचिवों ने ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये का विकास कार्य करा दिया था, उसका भुगतान होना बाकी था। ऐसे में तबादला होते ही सचिवों ने कुछ विकास कार्यों और कुछ फर्जी बिल-बाउचर लगाए। अजीतमल विकास खंड में सचिवों के तबादले के बाद खंड विकास अधिकारी अतुल यादव की लापरवाही सामने आई। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों को रिलीव नहीं किया।

वहीं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने तबादला होने के बाद भी सचिवों के डोंगल को अपंजीकृत नहीं किया, जिसके चलते सचिव डोंगल से भुगतान करते रहे। सबसे ज्यादा भुगतान हैंडपंप रीबोर और हैंडपंप मरम्मत के नाम पर किया गया। अजीतमल विकास खंड में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी योगेंद्र कुशवाहा का बीते माह 13 जून को सहार ब्लॉक में ट्रांसफर कर दिया गया, लेकिन तबादला आदेश जारी होते ही उन्होंने पंचायतों में भुगतान लगाना शुरू कर दिया।

सहायक विकास अधिकारी द्वारा उनका डोंगल अपंजीकृत नहीं किया गया। जिसके फलस्वरूप योगेंद्र कुशवाहा द्वारा ग्राम पंचायत हैदरपुर में 7,44,383 रुपये, ग्राम पंचायत ऊंचा में 80,700 रुपये, ग्राम पंचायत बहादुर ऊंचा में 2,10,481 और अलीपुर में 1,01,484 रुपये का भुगतान किया गया। अन्य सचिवों की ओर से भी तबादले के बाद भुगतान किया गया। तबादले के बाद सभी सचिवों के डोंगल की जांच हो जाए, तो इसमें और भी फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है।

तबादले के बाद वित्तीय भुगतान करना पूरी तरह से गलत है। तबादले के बाद भुगतान के संबंध में जब खंड विकास अधिकारी अतुल यादव से जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किया गया है तो उनकी जांच कराई जाएगी। वहीं जब उनसे डोंगल अपंजीकृत न किए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने फोन काट दिया।

## ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश संरक्षक बने राजेश

**दिबियापुर।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड क्षेत्र द्वारा अपने संगठन का प्रदेश संरक्षक बनाया गया है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रदेश संरक्षक बनाए जाने पर डॉ महावीर प्रसाद शुक्ला पूर्व प्राचार्य, रमेश चंद तिवारी पूर्व प्राचार्य, डॉ रामचंद्र दीक्षित पूर्व प्रधानाचार्य, अरुण कुमार त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य, डॉ अरविंद कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य, मनीष मिश्रा जिला महामंत्री योगासन एवं जिला व्यायाम शिक्षक औरैया, सुशील कुमार दुबे प्रान्तीय महासचिव, गिरीश तिवारी जिलाध्यक्ष, शिवशरण शर्मा सेवानिवृत्ति इंजीनियर, निमित्त तिवारी, योगेश कुमार दुबे, पारस दुबे, धर्मेंद्र गुप्ता, मनमोहन सिंह सेंगर ने आदि ने हर्ष व्यक्त किया।


पहले दिन स्कूल पहुंचे बच्चों के साथ शिक्षक और शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# बच्चों का तिलक कर हुआ स्वागत

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक एवं सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों में प्रवेश उत्सव के तहत पहले दिन बच्चों के माथे पर रोली अक्षत का तिलक कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कस्बे के रैपिड ग्लोबल स्कूल, ज्ञान स्थली एकेडमी, संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, ब्राइट माइंड स्कूल आदि में बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया।

विकासखंड क्षेत्र के गांव मल्होसी के प्राथमिक विद्यालय में एक जुलाई को विशेष प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का टीकाकरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। खरगपुर ताजपुर अलीपुर, जूनियर हाईस्कूल बिधूना, कर्मक्षेत्र विधा मंदिर स्कूल पुसौली आदि विधालयो में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मलहौसी के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर गीता देवी, शोभा और ग्राम प्रधान उर्मिला देवी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में संतोष कुमार गुप्ता, अन्नू द्विवेदी, सोवरन सिंह और राजकुमार छोटू ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। समारोह के अंत में सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्यालय में गुब्बारे आदि लगाकर सजावट की गयी। बच्चों को नमकीन आदि के पैकेट भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

# ट्रैक्टर में दौड़ा करंट, खेत जोत रहे युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- ट्रैक्टर से अपना ही खेत जोत रहा था युवा किसान
- हल में बगल के खेत का तार छू जाने से हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भाऊपुर में ट्रैक्टर से अपना खेत जोतने के दौरान उसमें लगा हल पड़ोस के खेत में लगे लोहे के तार से छू गया। जिससे उसमें प्रवाहित करंट ट्रैक्टर में उतर आने से चला रहा युवक चिपक गया। काफी देर बाद पहुंचे पिता ने पुत्र को बेहोशी की हालत में देख ट्रैक्टर से उतारकर जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भाऊपुर गांव निवासी योगेंद्र पाल 19 पुत्र बृजेंद्र पाल मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे गांव स्थित अपने खेत को ट्रैक्टर से जोत रहा था। तभी उसके ट्रैक्टर में लगा हल पड़ोस के खेत में लगे लोहे के तार से छू गया। जिससे लोहे के तार में प्रवाहित करंट ट्रैक्टर में उतर गया। इससे ट्रैक्टर चला रहा योगेंद्र उसकी चपेट में आकर झुलस गया। खेत पर किसी और व्यक्ति के न होने से किसी को भी इसकी जानकारी नहीं हो सकी। काफी देर तक पुत्र के घर न पहुंचने पर पिता बृजेंद्र पाल उसे देखने खेत पर पहुंचे तो पुत्र को ट्रैक्टर पर बेहोशी की हालत में बैठा देख उनके होश उड़ गए। जैसे ही उन्होंने ट्रैक्टर को हाथ लगाया तो उसमें प्रवाहित करंट का झटका उन्हें लगा। इस पर उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया।

शोरगुल सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह से ट्रैक्टर को तारों से अलग कर युवक को ग्रामीणों की मदद से पिता जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं जानकारी होते ही पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


बच्चों का तिलक कर स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

## विद्यालय में बच्चों को लगाया तिलक

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** मंगलवार को प्रथम दिन कोठीपुर के परिषदीय विद्यालय में अध्यापकों ने बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। आज के बच्चे कल देश का भविष्य होंगे। इसी धारणा को मानते हुए विद्यालय के अध्यापकों द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया।

कोठीपुर के परिषदीय विद्यालय में डिजिटल कक्षाओं के साथ-साथ पुस्तकालय की व्यवस्था विज्ञान एवं अंतरिक्ष प्रयोगशाला जो कि जनपद की केवल एकमात्र प्रयोगशाला है, उसकी व्यवस्था की गई है। विद्यालय में वाई-फाई की सुविधा दी गई है। ग्राम प्रधान का कहना है कि परिषदीय विद्यालयों को प्राइवेट विद्यालयों से अधिक सुसज्जित करेंगे। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव, किरण मिश्रा, शिव प्रसाद वर्मा, राकेश राजपूत, रागनी वर्मा, वंदना पोरवाल, रुनम मिश्रा मौजूद रहीं।

# सीएचसी से दस्तक अभियान की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान एक से 31 जुलाई तक चलाया जाना है। अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दिबियापुर में भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने फीता काट कर किया। साथ ही जन मानस से अपील की गयी कि समुदाय की जागरूकता और भागीदारी इस अभियान की सफलता की कुंजी है। जब लोग स्वच्छता, मच्छर नियंत्रण और लक्षणों की पहचान में सहयोग करते है तभी बीमारियों की रोकथाम संभव होती है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने कहा कि नालियों की साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, टायर व डिब्बे आदि जो बाहर पड़े रहते है, जिसमें बारिश का पानी एकत्रित होता है कि साफ-सफाई, कूलर के पानी की रोज सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाये। बच्चों को व स्वयं फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग किया जाये, जिससे मलेरियो, डेंगू जैसे खतरनाक बीमारियों से स्वयं व आस-पास के लोगों को बचाया जा सके।


अभियान का शुभारंभ करते भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया। अमृत विचार

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभियान स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिब्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग सूचना विभाग, उधान विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग आदि विभागों के निर्धारित कार्यों एवं दायित्वों के आपसी समन्वय से संचालित किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। अभियान के दौरान संक्रामक रोगों-डायरिया, चिकुनगुनियां, डेंगू, मलेरिया, स्कब्रटाईफस, लेप्टोस्पाईरोसिस, टीबी, कुष्ठ रोग आदि से बचाव, रोकथाम एवं जन जागरूकता हेतु सभी विभाग अपने-अपने दायित्यों का निर्वहन करेगें। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शिशिर पुरी, नोडल डा. मनोज कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. विजय आनंद, अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


पौधरोपण करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष आशा चक। अमृत विचार

### नगर पंचायत चेयरमैन ने लगाया एक पौधा मां के नाम

**अजीतमल,औरैया।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल की चेयरमैन आशा चक द्वारा छायादार पेड़ लगाकर पौध रोपण अभियान को वृहद बनाये जाने का संदेश दिया गया। नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल की चेयरमैन आशा चक ने चेयरमैन प्रतिनिधि अखिलेश चक एवं सभासदो के साथ निर्माणाधीन कान्हा गौशाला सहित अन्य स्थानो पर पौधरोपण किया। चेयरमैन द्वारा पीपल, बरगद, पाखर आदि छायादार बृक्ष लगाकर पौधरोपड़ की शुरूआत की है। चेयरमैन ने बताया कि छायादार पेड़ लगाये जाने से वह अत्यधिक सुरक्षित रहेगे तथा वह जल्दी ही बडे.हो जायेगे उनकी देखरेख के लिये कर्मचारियो को लगाया गया है। उन्होने बताया कि छायादार वृक्ष लगाये जाने का उद्देश्य वृक्षों की छाया होने से पशुओं को उनकी छाया मिल सकेगी। उन्होंने नगर वासियों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम लगाये जाने का आवाहन किया है।


बच्चों को प्रमाण पत्र देते डायरेक्टर हनुमंत सिंह। अमृत विचार

### मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर बढ़ाया गया हौसला

**फफूंद।** कस्बा के बसंत मार्केट में स्थित कैरियर प्वाइंट इंस्टिट्यूट में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और बच्चों को शिक्षित करने वाले अध्यापकों के प्रति डायरेक्टर हनुमंत सिंह ने हार्दिक आभार व्यक्त किया। डायरेक्टर हनुमंत सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की सफलता में अभिभावकों के सहयोग और अध्यापकों के समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है। सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक और इंस्टीट्यूट के अध्यापक मौजूद रहे।


केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपाई। अमृत विचार

### इटावा के दांदरपुर में भाजपा ने कराया बवाल

**औरैया।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने की। कार्यकर्ताओं ने केक काटा और नारे लगाए। जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने इटावा प्रकरण पर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया ने दोनों कथावाचकों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और सम्मान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सपा ने कोई गाइडलाइन जारी नहीं की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ब्राह्मण और यादव समाज के बीच विवाद बढ़ाने के लिए अराजक तत्वों की मदद से बवाल कराया। सपा कार्यकर्ता रहे मौजूद उन्होंने जोर देकर कहा कि इस घटना में किसी सपा कार्यकर्ता की संलिप्तता नहीं थी। कार्यक्रम में सपा विधायक बिधूना रेखा वर्मा, पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का, पूर्व विधायक मदन गौतम, जिला महासचिव ओम प्रकाश ओझा और सपा मीडिया प्रभारी शोभित यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन ग्राम बमरीपुर में के के काटकर एवं वृक्ष लगाकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर देव कुमार राजपूत, दीपू, नरेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, रामकुमार, कैलाश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी अनुज यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### शार्टसर्किट से दुकान में लगी आग

**फफूंद।** बीती रात कस्बे के एक मुहल्ला में स्थित मिठाई की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें दुकानदार का हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। कस्बे के मोहल्ला तिवारियान निवासी लल्ला शुक्ला का प्रतिष्ठान टाकीज रोड मोहल्ला चमनगंज में शुक्ला स्वीट हाउस के नाम से दुकान है। दुकान मालिक लल्ला शुक्ला सोमवार की रात्रि में 10 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात्रि लगभग एक बजे के आसपास पीआरबी पंजाब नेशनल बैंक से गशत कर रहे थे। तभी उन्होंने अपने साथी से कहा इतनी रात्रि में प्लास्टिक कौन जला रहा है। पीआरबी जब टाकीज रोड के तरफ आएं तो उन्होंने देखा कि शुक्ला स्वीट हाउस में भयंकर आग लगी है तथा उसमें रखी पेप्सी की बोतले फटने की आवाज आ रही थी। तभी पीआरबी पुलिस ने सबसे पहले मैन लाइन बाली केबिल को काटा और दुकान मालिक व थाना प्रभारी को फोन कर आग लगने की जानकारी दी। जिससे लाखों रुपए का नुक़सान होने से बच गया। दुकान मालिक लल्ला शुक्ला ने बताया लगभग 20-25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस की पहल की बजह से लाखों के नुकसान होने से बच गया।

### सड़क पर उतरे एसडीएम-सीओ, सुरक्षा का दिया भरोसा

**रुरुगंज।** मोहर्रम के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को कुदरकोट थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया व क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा और कुदरकोट थानाध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रशासन द्वारा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की गया है। उपजिलाधिकारी ने किसी प्रकार के भड़काउ गाना और इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वाले असमाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि सामाजिक सौहादर्य बिगाड़ने वाले लोगों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर होगी। धार्मिक उन्माद फैलाने वाले लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटने को तैयार है। उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया व क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा पुलिस और कुदरकोट थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने मुहर्रम में तजिया निकालने वाले मार्ग का निरीक्षण कर पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष ने किसी भी झगड़ा फसाद से दूर रहने की नसीहत दी। यदि अराजक फैलाने वाले नजर आए तो तुरंत मुझे सूचित करें। आपसी सामंजस्य बनाकर त्योहार मनाने की नसीहत दी गई। सीओ पी पुनीत मिश्रा ने कहा कि युवाओं को इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से दूर रहने की बात कही। इस मौके पर क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

**दायित्व निभाएं** | विधान परिषद के सभापति अवनीश कुमार सिंह ने दैवीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में दिए निर्देश, औरैया और कानपुर देहात के अधिकारी पहुंचे

# आपदा पीड़ितों को सरकार की योजनाओं का समय से दिलाएं लाभ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में विधान परिषद के सभापति अवनीश कुमार सिंह ने औरैया और कानपुर देहात के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक की। दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों को समय से शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में जिम्मेदारी का निर्वहन करें, जिससे कोई भी आपदा पीड़ित योजना के लाभ से वंचित न रहे और बिखरे परिवार को अपने जीवन यापन में कोई कठिनाई महसूस न हो।



बैठक के दौरान निर्देश देते अवनीश कुमार सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि संवेदनशील होकर कार्य करने से योजनाओं का लाभ सभी पीड़ितों को मिलने से शासन की मंशा तथा योजना की उद्देश्य पूर्ति सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि सभी का कर्तव्य है कि समय-समय पर आने वाली आपदाओं आकाशीय बिजली, सर्पदंश, बाढ़, जलाशय, नदी, नाले में डूबने, जंगली जानवरों के कारण हुई क्षति से बचाव और मृत्यु पर शासन की ओर से दी जाने वाली राहत के संबंध में प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव संबंधी एवं शासन से दी जाने वाली राहत संबंधी सूचना पंचायत भवन, राशन की दुकान, चिकित्सालय, विद्यालयों आदि की दीवारों पर लेखन कर आमजन को दी जाए, जिससे पीड़ित परिवार अपने आवेदन आदि की कार्यवाही कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में ऐसी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनपद में ऐसे स्थान जहां आमजन द्वारा नदी, नाले आदि में नहाने, पार करने की स्थिति में डूबने जैसी घटना होती है, इसके लिए जिला प्रशासन ऐसे क्षेत्र को चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्थाएं कराएं। मेले व बाजारो आदि में जानकारी प्रसारित की जाए, जिससे अनजाने में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके।

सदस्य रामसूरत राजभर, अरुण पाठक एवं अंगद कुमार ने कहा कि गत वर्षों में दैवीय आपदा से हुई जनहानि आदि के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर सूचीबद्ध करते हुए संदर्भ प्रेषित किए जाएं जिसके संबंध में शासन द्वारा कार्यवाही संभव कराई जा सके। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सूचीबद्ध जानवरों को छोड़कर अन्य जानवरों के द्वारा होने वाली क्षति, जनहानि की सूचना भी उपलब्ध कराई जाए, जिससे विचारोपरांत शासन में सूचीबद्ध किया जा सके और पीड़ित को राहत अनुमन्य हो सके।

उन्होंने कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजना के अंतर्गत निर्माण निर्मित पानी की टंकियों पर उच्च क्षमता के विद्युत तड़क यंत्र स्थापित कराए जाएं, जिससे आकाशीय विद्युत से होने वाली धन व जनहानि को बचाया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी एम.पी सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजधानी समेत प्रदेश भर में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा होगी, जबकि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे। निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन को धार देने के लिए मंगलवार को संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजलीघर में आम सभा की।

### 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की बढ़ी संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जारी की गई ताजा के परफारमेंस इंडिकेटर (केपीआई) रिपोर्ट में साफ हो गया है कि यूपी में निवेश व उद्यमिता को नया आयाम मिल रहा है। 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की संख्या बढ़ी है। कई क्षेत्रों में लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। श्रमायुक्त संगठन उत्तर प्रदेश से संबंधित केपीआई-1 में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत कारखानों की संख्या का लक्ष्य 3600 था, जिसके सापेक्ष 3644 कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो 101.22 फीसदी उपलब्धि को दर्शाता है।

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : राष्ट्रपति

## द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का किया लोकार्पण, महिला छात्रावास का भी शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के तहत यहां भी रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में अमूल्य पहल है।

राष्ट्रपति ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्रगौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। कहा कि नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री व कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, कुलपति डॉ. सुरेंद्र सिंह, गैलेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### देश के लिए प्रेरक उदाहरण है एमजीयूजी : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एमजीयूजी की चार साल से भी कम समय की उत्कृष्ट प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के प्रवर्तक की तपोभूमि पर यह विश्वविद्यालय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का संगम बनकर उभर रहा है। यह विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधाओं के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। यह पूरे देश के लिए प्रेरणा की बात है।

### सेवा भावना को साकार कर रहा एमजीयूजी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद की संस्थाएं अपने संस्थापकों की भावनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप राष्ट्र प्रथम के भाव से सेवा कार्य कर रहीं हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी परिषद की इसी भावना को उच्च शिक्षा और चिकित्सा के सेवा क्षेत्र में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने शैक्षिक रूप से इस पिछड़े क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। आजादी के बाद पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने में इसी शिक्षा परिषद का योगदान रहा। आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की 52 से अधिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण के क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की सेवा भावना को साकार कर रहीं हैं।

## 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' की शुरुआत करें : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किसानों से 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करने की अपील करते हुए कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के किसान औषधीय पौधों की खेती कर कमाई कर सकते हैं। सुझाव दिया कि एक गांव में एक तरह के औषधीय पौधे लगाए जाएं तो दूसरे गांव में दूसरे तरह के।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने अपील की कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिये होम्योपैथ और आयुर्वेद की हानिरहित दवाएं लोगों तक पहुंचाई जाए। इसमें डॉक्टरों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को भी बड़ी भूमिका निभानी होगी। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह को आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के. रामचंद्र रेड्डी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, स्थानीय विधायक महेंद्रपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आयुष विवि हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा।

योगी ने कहा कि नवनाथ और चौरासी सिद्धों की परंपरा से आयुर्वेद का रस शास्त्र जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पीएम मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

### राष्ट्रपति ने की वन महोत्सव की शुरुआत

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली से सात जुलाई तक चलने वाले 'वन महोत्सव-2025' की मंगलवार को शुरुआत की। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने यहां जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# नहीं रुकेगी बिटिया की पढ़ाई, योगी ने दिया भरोसा

## गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने आई पंखुड़ी ने कहा- फीस देने में हो रही दिक्कत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे**

**अमृत विचार :** कक्षा-7 की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही सभी बाधाएं दूर हो गईं। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा-7 में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा-12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।

इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान छात्रा पंखुड़ी से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

# दिव्यांगों को नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का मौका**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीयोस्क में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीन पर उतारने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीयोस्क का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है।



लखनऊ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत की। यहां उन्होंने कहा कि इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दुग्ध उपार्जन में 40 प्रतिशत की वृद्धि

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा कर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बीते जून महीने में दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 3.57 एलकेजीपीडी के साथ बीते वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत तरल दुग्ध विक्रय प्रतिदिन 1.86 एलएलपीडी रहा है। दुग्ध संघ द्वारा 6295 दुग्ध समितियों में भ्रमण कर उत्पादन क्षमताओं और व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई।

पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने राज्य में दुग्ध उत्पादन की स्थिति साझा करते हुए मंगलवार को यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी समितियां बंद न होने पाएं, अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण निरंतर किया जाए और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं कोई कमी या समस्या हो उसका निराकरण किया जाए और शासन को अवगत कराया जाए। दुग्ध मूल्य का भुगतान समय पर कराया जाए। किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, विशेष सचिव, दुग्ध विकास, रामसहाय यादव, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, पीसीडीएफ के अधिकारी तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर दें ध्यान

धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए और उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। पराग के उत्पाद उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्ध हो सकें। पराग की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग को बेहतर किया जाए और इसके लिए मार्केटिंग के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। किसानों एवं पशुपालकों के लिए समय-समय पर विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएं, ताकि उनको दुग्ध क्षेत्र में हो रहे नवीन शोधों एवं तकनीकों की जानकारी हो सके और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो।

### शिक्षकों की नियुक्ति में एनएफएस व्यवस्था खत्म करने का उच्च शिक्षा मंत्री से आग्रह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में व्याप्त 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) की व्यवस्था पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय से मुलाकात कर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा एनएफएस व्यवस्था को समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. एसएस गौरव, प्रो.एके भारतीय, प्रो.नितिन गर्ग भी मौजूद रहे। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को बिना स्पष्ट कारण एनएफएस घोषित कर दिया जाता है, जिससे आरक्षित वर्गों के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं।

### वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | | |
| 4 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुन** – आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।

**कर्क** – आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कन्या** – आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।


**धनु** – आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।

**मकर** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।

**कुंभ** – आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।

### सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च ।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड,



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान, वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

-फेसबुक वॉल से

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत– अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

डेढ़ माह से सन्नाटे में डूबे स्कूलों में बढ़ी चहल-पहल, पहले दिन बच्चों को माला पहना और तिलक लगाकर किया गया स्वागत

# गर्मी की छुट्टियां खत्म, स्कूल हुए गुलजार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों के बाद पहली जुलाई को सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल खुल गए। पहले दिन बच्चों का फूल माला पहना और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मंगलवार को स्कूल खुलते ही कुछ बच्चे पुराने दोस्तों से मिलने को उत्साहित दिखे। नई कक्षा और नए शिक्षकों को लेकर भी बच्चों में उत्सुकता दिखी। इसके बाद उन्हें अनुशासित तरीके से कक्षाओं में ले जाया गया।

40 दिन की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां खत्म होने के कारण मंगलवार को जिले भर के सरकारी और प्राइवेट स्कूल खुल गए। स्कूल पहुंचने वाले बच्चों का प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने स्कूल गेट पर ही तिलक लगा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मंगलवार को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक स्कूल संचालित किए गए। इस दौरान बच्चों को अनुशासित तरीके से कक्षाओं में बैठाया गया।


बच्चों को माला पहनाकर स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

पहले दिन बेसिक के स्कूलों में बच्चों को मिड-डे-मील में खीर, हलवा आदि परोसा गया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू कर दी गई है। इसके लिए एक पोर्टल बनाया गया है। प्राथमिक विद्यालय धनीराम का डेरा के प्रधानाचार्य कमल किशोर ने कहा कि बच्चों आपका विद्यालय में सत्रारंभ के प्रथम दिन जिस तरह स्वागत सम्मान किया गया और टॉफियां बांटी गईं उसी तरह सारे वर्ष आपके सम्मान और रुचियों का ध्यान रखते हुए व्यवहार किया जाएगा। विद्यालय को खुशनुमा आपके अनुकूल बनाया जाएगा, बस प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय आएं। इस मौके पर शिक्षामित्र अभिलाषा, रीता पांडेय, सुशीला एवं रसोइया भूरी उपस्थित रहीं।


चिकसोना के विद्यालय परिसर में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

### चिकसोना के एक कक्ष में संचालित हो रहीं पांच कक्षाएं

**बिवांर।** विकासखंड मुस्करा के प्राथमिक विद्यालय चिकसोना के परिसर में चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है। सोमवार हुई झमाझम बारिस की वजह से चारों तरफ पानी का जलभराव हो गया है। जिससे जहरीले कीड़े सांप, बिच्छू आदि कमरे में निकलते रहते हैं। पिछले वर्ष विद्यालय की इमारत तुड़वा दी गई थी, अब विद्यालय में केवल एक ही कक्षा में कक्षा एक से पांच तक के कक्षा संचालित हो रही है। हाल ही में समायोजन में प्रधानाध्यापक बीरपाल प्रजापति ऐंझी में समायोजित हो गए है। अब केवल शिक्षक उमेश कुमार ही विद्यालय की पूरी जिम्मेदारी हैं। जिससे अब विद्यालय एकल हो गया है। जिससे लगभग 35 बच्चों बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### कई परिषदीय विद्यालयों में जलभराव के हालात

अव्यवस्थाओं के बीच मंगलवार को परिषदीय विद्यालय खुले। कई विद्यालयों में सोमवार को हुई तेज बारिश की वजह से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में बरसात के जमा पानी के बीच से छात्र-छात्राओं को स्कूल जाना पड़ा। मेरापुर, भिलांवा, डिग्गी सहित कई ग्रामीण इलाकों में स्थित स्कूलों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण विद्यालयों में जलभराव है। वहीं कच्चे रास्ते कीचड़ और पानी से भर गए हैं।

### पहले दिन स्कूल में स्वागत हुआ तो चहक उठे नौनिहाल

**सुमेरपुर।** मंगलवार को स्कूल खुलने के बाद प्रथम दिन विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं का जगह-जगह रोली लगाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इससे छात्र छात्राएं खुश नजर आए। मंगलवार को खुले परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने स्कूल पहुंचने पर रोली लगाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इससे बच्चे खुश नजर आए। साथ ही स्कूल पहुंचे बच्चों को किताबें आदि प्रदान की गई।


रक्तदान शिविर में रक्तदान करते स्वदेश राजपूत। अमृत विचार

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं

संवाददाता, राठ

**अमृत विचार।** डॉक्टर डे पर लायंस क्लब राठ, लायंस क्लब विराट और लायंस क्लब सम्राट द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 79 दानवीरों ने अपना रक्तदान किया।

मंगलवार को कस्बे के मां गौरी रिसोर्ट में लायंस क्लब राठ, लायंस क्लब विराट और लायंस क्लब सम्राट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। झांसी मेडिकल कालेज से आए चिकित्सकों ने 79 दानवीरों का रक्त लिया। इस दौरान तीनों क्लबों के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान लायंस क्लब राठ के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि रक्तदान करके किसी की भी जिंदगी बचाई जा सकती है। कहा कि रक्तदान शिविर रक्तदान के महत्व को उजागर करता है और समाज में लायंस क्लब की भूमिका को दर्शाता है।

लायंस क्लब राठ, लायंस क्लब विराट और लायंस क्लब सम्राट के सदस्य इस आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने अपने समय और रक्तदान करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर स्वदेश राजपूत, अजय राजपूत, यश वर्धन शिवहरे, राजकुमार अग्रवाल, शहजाद मंसूरी, डॉ वंदना मिश्रा, रहमत वेग, अवधेश पाठक, कमलेंद्र मिश्रा, चाँद बाबू, गुरप्रीत सिंह, प्रशांत अग्रवाल, कपिल राजन आदि लोग रहे।

## एक नजर

### आशीष कुमार बने व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष



**सुमेरपुर।** समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अजय पाल साहू ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के अनुमोदन तथा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की संस्तुति पर कस्बा निवासी आशीष कुमार सिंह को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। इसके मनोनयन पर व्यापार सभा के पदाधिकारियो ने हर्ष जताया हैं।

### कंपोजिट शराब की दुकान से नकदी एवं बीयर चोरी

**सुमेरपुर।** हाईवे किनारे पेट्रोल पंप के बगल में कंपोजिट शराब की दुकान से अज्ञात चोर नकदी एवं बीयर की बोतल चोरी करके भाग निकला। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। हाईवे में पेट्रोल पंप के ठीक बगल में कंपोजिट शराब की दुकान नंबर पांच संचालित है। सोमवार को रात चोर दीवार तोड़कर अंदर घुस गया और दुकान में रखी करीब 8000 की नकदी के साथ एक बीयर की बोतल लेकर चला गया। ठेकेदार तेज सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोर की तलाश में जुट गई है।

### बिजली गिरने से बकरे की मौत, किशोर झुलसा

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के भैंसापाली गांव में मंगलवार शाम करीब तीन बजे बिगड़े मौसम से आकाशीय बिजली खेत में चर रहे बकरे के ऊपर गिरने से मौत हो गई। वहीं पास में बैठा किशोर झुलस गया। जिसे परिजन कुरारा सीएचसी उपचार लेकर आए। जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है। क्षेत्र के भैंसापाली गांव निवासी राजन (15) पुत्र रामफल मंगलवार को सुबह 10 बजे अपनी बकरियों लेकर छोटी पाली निकास खेतों में चराने लेकर गया था। शाम तीन बजे बिगड़े मौसम में हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली खेत में चर रहे बकरे के ऊपर गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं किशोर झुलस गया। परिजन उसे कुरारा सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। जहां उपचार चल रहा है।

### तमंचा लेकर सड़क पर घूम रहा युवक गिरफ्तार

**कुरारा।** कस्बे में भौली रोड में तमंचा लिए घूम रहे युवक को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाक्षेत्र के पतारा गांव निवासी महेंद्र उर्फ बिंदु पुत्र ओमप्रकाश मंगलवार को कस्बे में भौली रोड में 315 बोर का तमंचा लिए घूम रहा था। तभी मुखबिर पर उप निरीक्षक सतीश चंद्र मिश्रा हमराहियों के साथ पहुंचे। आरोपी की तलाशी में 315 बोर तमंचा बरामद किया है।

### किशोरी को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने पर पीड़ित पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने बीते 8 जून को थाने में पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए उप निरीक्षक रिंकू तिवारी जनपद सोनीपत में सिद्धार्थ कॉलोनी सिविल लाइन निवासी प्रवीन ऊर्फ मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## सड़क चौड़ीकरण में आई तेजी

संवाददाता, राठ

**अमृत विचार।** कस्बे में सड़क चौड़ीकरण को लेकर अटकलों का बाजार खासा गर्म है। अब पीडब्ल्यूडी विभाग ने अटकलों पर विराम लगाते हुए अपनी प्रक्रिया तेज कर दी है। लोक निर्माण विभाग ने अब रजिस्टर्ड डाक से लोगों के घरों में नोटिस भिजवाने का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार को लोक निर्माण विभाग की टीम ने होने वाले सड़क चौड़ीकरण का स्थलीय निरीक्षण किया।

पनवाड़ी-बिलरायां मार्ग का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी संपूर्ण औपचारिक प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। बजट भी पास हो गया है। पनवाड़ी बिलरायां मार्ग के सुंदरीकरण और चौड़ीकरण के तहत कस्बे के मुख्य मार्ग का भी चौड़ीकरण और सुंदरीकरण किया जाना प्रस्तावित है। मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण होने से सड़क के दोनों और निर्मित मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ध्वस्तीकरण का खतरा मंडराया हुआ है। जिसको लेकर कस्बे के लोगों के अलग अलग विचार सामने आ रहे हैं। सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले लोग इसे ध्वस्तीकरण का नाम दे रहे हैं। तो वहीं नगर की जनसंख्या का एक बड़ा भाग चौड़ीकरण को विकास से जोड़कर देख रहा है।


सड़क का निरीक्षण करते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

- पीडब्ल्यूडी ने रजिस्टर्ड डाक से लोगों को भेजे नोटिस
- लोक निर्माण विभाग की टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

लोगों का कहना है कि सड़क का चौड़ीकरण होने से नगर की सबसे बड़ी समस्या जाम के झाम से निजात मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के संबंध में सभी लोगों को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेज दिए गए हैं। डोर टू डोर भी नोटिस भेजने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोटिस में निर्धारित 15 दिन का समय भवन स्वामियों को दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के बाद विभाग अपना कार्य शुरू कर देगा।

## सुमेरपुर के बंद कमरे में मिला कारीगर का शव

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड संख्या तीन अंबेडकर नगर के एक बंद मकान से बदबू आने पर लोगों ने पुलिस को सूचित किया। बंद मकान में नागरा जूती का कारीगर अकेले रहता था। पुलिस ने मुख्य गेट तोड़कर अंदर दाखिल हुई। जहां कारीगर बिस्तर के नीचे दीवार के सहारे टिका हुआ मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है। घटना से मृतक के पुत्रियों को अवगत कराया गया है।


बाबूराम।

करीब पांच दशक पूर्व फतेहपुर जिले के बहुआ कस्बा निवासी बाबूराम (56) पुत्र सावनी अपने ननिहाल में आकर बस गया था। यह नागरा जूती बनाने का कार्यकर्ता था। रविवार को यह मोहल्ले में सभी को घूमता नजर आया। सोमवार से यह दिखाई नहीं दिया। मंगलवार को दोपहर बाद मकान में तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह, एसआई सुरेंद्र यादव, आरक्षी दिलीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और मकान का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। बाबूराम बिस्तर से कुछ दूर दीवार के सहारे नंगे बदन टिका हुआ था। पास में ही खून की उल्टी पड़ी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है। घटना की सूचना मृतक की पुत्रियों को दी गई है। मृतक के मामा रामलाल वर्मा ने थानाध्यक्ष को बताया कि मृतक की पत्नी चुन्नी देवी की मौत पांच वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृतक की दो संताने उमादेवी एवं गीता देवी हैं। उमा देवी असम में रहती है। जबकि छोटी पुत्री गीता देवी शिक्षिका है और अपनी ससुराल बिंदकी फतेहपुर में रहती है। मृतक अपनी बड़ी पुत्री उमा देवी की मकान में अकेले रहता था। मामा ने बताया कि मृतक अस्थमा रोगी था। शायद इसी के चलते उसकी मौत हुई है।

## बारिश से बिजलीघर लबालब, बिजली ठप

संवाददाता, मुस्करा

- 24 घंटे से मुस्करा के लोगों को बिजली के साथ पानी भी नहीं

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह से मूसलाधार बारिश के बाद पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। पावर हाउस में जलभराव हो गया है। कस्बा सहित 20 से अधिक गांव अंधेरे में हैं। लोगों के सामने पेयजल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हैं।

हर साल की तरह इस बार भी तेज बारिश ने पावर हाउस की बिजली गुल कर दी। 24 घंटे से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। जल संस्थान के कर्मचारी हल्केराम ने बताया कि विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने से नलकूप बंद हैं। उधर उपकेंद्र के अवर अभियंता चंद्रप्रकाश ने बताया कि मूसलाधार बारिश से विद्युत उपकेंद्र में जलभराव हो गया है, जिससे मशीनें ऑपरेट नहीं हो पा रहीं हैं। ग्रामीणों ने जेई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हर वर्ष बारिश होने से उपकेंद्र में पानी भर जाता है, लेकिन मानसून से पहले इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। एक्सईएन राठ राजकुमार राव ने कहा विद्युत उपकेंद्र में फीडर मशीनों तक बारिश का पानी भरा है। जिससे विद्युत आपूर्ति मजबूरन बंद करनी पड़ी है। कहा कि जल निकासी के उपाय किए जा रहे हैं। फीडर मशीनों के यहां पानी घटने पर विद्युत सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना और चेयरमैन कुलदीप निषाद ने डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एक से 31 जुलाई तक जनपद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत मंगलवार को इसकी शुरुआत पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नगर भ्रमण कर सीएमओ कार्यालय पर संपन्न हुई। रैली में शामिल बच्चों, अधिकारियों और कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित शपथ दिलाई गई। शपथ के दौरान सभी ने अपने गांव, ब्लॉक, जनपद और देश को रोग मुक्त बनाने, व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखने, घर के आसपास और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखने, तथा समुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ताकि कोई भी व्यक्ति इन रोगों से प्रभावित न हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी विभागों को युद्ध स्तर पर कार्य करने तथा इस अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉ.गीमत सिंह, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।


जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम व चेयरमैन। अमृत विचार

पौधरोपण शुरू | कलेक्ट्रेट में पौधे रोपित कर वन महोत्सव की शुरुआत, पौधरोपण के लिए जुटे जिला स्तरीय अधिकारी

## हर कोई एक पौधा मां के नाम जरूर लगाए : डीएम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी एके श्रीवास्तव के साथ पौधा लगाया। इस मौके पर डीएम ने सभी से एक पेड़ मां के नाम थीम पर एक-एक पौधे अवश्य लगाने के साथ उसकी देखभाल भी करने की अपील की है।

शासन के निर्देश पर जिले में एक जुलाई से आयोजित हुए वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत डीएम ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का संदेश दिया। कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पेड़ अपनी माता के नाम पर लगाएं और उनकी सुरक्षा और देखभाल करे तो भी हम पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासन से जिले में 36 लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। जिसमे यमुना बेतवा, चंद्रावल, केन, धसान आदि नदियों के किनारे लगभग 8 सौ हेक्टेयर जमीन पर पौधे रोपित किए जाएंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे एवं जिले के प्रत्येक विकास खंड के पांच-पांच गांव में पौधरोपण कर लक्ष्य को पूरा करेंगे। डीएम ने बताया कि चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार बुधवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर धनौरी टोल प्लाजा के पास पौधरोपण करेंगे।


कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण करते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होता पहला जत्था। अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**सुमेरपुर।** कस्बे से अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था मंगलवार को बम बम भोले के उद्घोष के साथ रवाना हुआ। यह जत्था गुरुवार की शाम बालटाल पहुंचेगा और शुक्रवार को बालटाल से यात्रा में हिस्सा लेगा। अमरनाथ यात्रियों को कस्बा वासियों ने फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर विदाई दी। कस्बे से अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था डॉ .नरेश शर्मा की अगुवाई में दोपहर को कस्बे से रवाना हुआ। यह कानपुर से ट्रेन पकड़कर जम्मू पहुंचेगा। गुरुवार की शाम यह बालटाल पहुंचकर शुक्रवार सुबह यात्रा शुरू करेगा। इस जत्थे में डा .नरेश शर्मा, पंकज तिवारी, संदीप साहू, मोहित साहू, पवन साहू, राकेश साहू, सतीश सोनकर, शुभम गुप्ता शामिल हैं। इन सभी अमरनाथ यात्रियों का कस्बा वासी डा .नरेंद्र शर्मा, राजेश द्विवेदी, राधे शुक्ला, बउवा द्विवेदी, अखिलेश तिवारी, बंटू सिंह, विजयकरन शर्मा, अनूप कुमार, सुरेंद्र गुप्ता, लल्लू गुप्ता, ऋषभ शर्मा आदि ने फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर बम बम भोले के उद्घोष के साथ विदा किया।


श्रम अधिकारी को स्मृति चिह्न देकर विदाई देते केजी अग्रवाल और व्यापारी।

### व्यापारियों ने श्रम अधिकारी को दी विदाई

**राठ।** उप्र नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान का बहराइच स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने असद खान को माला पहना विदाई दी। जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कहा कि उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि श्रीखान सौम्य छवि के अधिकारी थे। जनपद में व्यापारी हितों के लिए कार्य किया। जो सदैव याद किए जायेंगे। विदाई समारोह के दौरान उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद बजाज, शिवशरण सोनी, मुहम्मद अनवार, अमित अग्रवाल आदि व्यापारी रहे।


वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल वितरित करतीं पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि।

### सपाइयों ने केक काटकर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया ।जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में नेताओं ने केक काटकर अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को फल वितरित किए और बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व चेयरमैन कुरारा माया वाल्मीकि, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवशरण सिंह परिहार, सदर विधानसभा अध्यक्ष अरुण यादव, राज बहादुर पाल पूर्व जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश सोनकर, सलीम मोहम्मद, गयाप्रसाद अनुरागी, वर्षा नामदेव, राघवेंद्र यादव, कल्पना दुबे, नंद किशोर शिवहरे, मुन्नीलाल निषाद, राजेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 30 सितंबर तक जनपद में खनन पर लगाई गई पाबंदी

**हमीरपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विजय शंकर तिवारी ने बताया कि मानसून सत्र 01 जुलाई से 30 सितम्बर की अवधि में जनपद में संचालित बालू/मौरंग पर खनन कार्य बंद रहेगा। उन्होंने समस्त पट्टाधारक को सूचित किया है कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना व राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार मानसून सत्र में नदी तल से उप खनिजों का खनन प्रतिबंधित किया गया है। जिसके क्रम में समस्त खनन पट्टा धारक/अनुधारक उपखनिज बालू/मौरंग को निर्देशित किया गया कि उक्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए एक जुलाई से 30 सितंबर तक अपने खनन पट्टा क्षेत्र में खनन /परिवहन कार्य बंद रखेगें। उक्त अवधि में आपके खनन पट्टा क्षेत्र में कोई खनन कार्य न होने पाए। इस पर सतत निगरानी रखे तथा आवश्यकतानुसार इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करेगें।

# डॉक्टर साहब! इसी सांप ने डसा है

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पति को डसने वाले सांप को लेकर अस्पताल पहुंची महिला
- सांप दिखाते हुए बोली, साहब सांप देखकर इलाज करिए


जिला अस्पताल में डॉक्टर को सांप दिखाती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के घटेहरा गांव में पशुबाड़े में सोते समय एक ग्रामीण को मंगलवार की भोर पहर सांप ने डस लिया। सांप के डसते ही ग्रामीण जाग गया और उसने शोर मचाया। दौड़कर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला। इसके बाद पत्नी सांप को हाथ में लेकर जिला अस्पताल पहुंची और डॉक्टर से बोली, साहब इसी सांप ने पति को डसा है, इस सांप को देखकर सही तरह से इलाज करिएगा।

घटेहरा का हरगोविंद (52) पशुओं की रखवाली के लिए पशुबाड़े में सोता था। सोमवार की रात वह पशुबाड़े में सो रहा था। मंगलवार भोर पहर सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने से उसकी नींद खुल गई और उसने शोर मचा दिया। शोर सुनते ही परिवार के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और सांप को देखते ही उस पर बरस पड़े। परिवार वालो ने लाठी-डंडों से पीटकर सांप को मार डाला। पति को सांप के डसने के बाद पत्नी रोने-बिलखने लगी। बाद में उसने साहस दिखाते हुए मरे हुए सांप को उठाया और पति के साथ सांप को लेकर जिला अस्पताल पहुंच गई। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर को सांप दिखाते हुए पत्नी ने कहा कि साहब इसी सांप ने पति को डसा है। इस सांप को देखकर सही इलाज करिएगा। सांप को देखकर डॉक्टर खुद सन्न रह गए और बोले सांप को बाहर ले जाओ। इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ. वरुण ने बताया कि इलाज के बाद हरगोविंद की हालत में सुधार है।

# मौसम विभाग का अलर्ट आज होगी तेज बारिश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बारिश को देखते हुए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की
- लोगों को बारिश के दौरान घरों से न निकलने की सलाह

**अमृत विचार।** मौसम विज्ञान विभाग ने अत्याधिक वर्षा को देखते हुए जिले में रेड अलर्ट जारी कर कर दिया है। जारी किए गए रेड अलर्ट के मद्देनजर तेज बारिश और आंधी तूफान के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है और पशुहानि से बचाव के लिए खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधने की अपील की है। उन्होंने पेड़ और टीनशेड के नीचे पशुओं को नहीं बांधने पर जोर दिया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि पशुओं को चरने के लिए खुले में न छोड़ें और खराब मौसम में कोई भी बाहर न निकलें। बारिश में छिपने के लिए पक्के मकान का ही प्रयोग करें। पेड़ के नीचे न छिपें। जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिप सकते हैं। छिपते समय पेड़ के नीचे सूखी लकड़ी और पत्ते रखें। बारिश के समय नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रानिक वस्तु टीवी, कूलर या वस्तु को न छुएं, मोबइल फोन पर बात न करें। जरजर मकान से दूर रहें, क्योंकि जर्जर मकान कभी भी धराशाई हो सकते हैं।

# मस्तानी महल का हाल देखकर डीएम झल्लाई

## निरीक्षण में डीएम को ड्राइंग नहीं दिखा पाए परियोजना प्रबंधक

संवाददाता, जैतपुर

- 15 दिन के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश
- महल में नोडल अधिकारी नियुक्त करने का फरमान


मस्तानी महल का निरीक्षण करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मंगलवार को मस्तानी महल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घटिया निर्माण देखकर डीएम भड़क गईं और यूपीपीसीएल के अफसरों को लताड़ लगाई। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह को परियोजना में नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदाई संस्था के परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि 15 जुलाई तक हर हाल में काम पूरा होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने जैतपुर में बनाए जा रहे मस्तानी महल का औचक निरीक्षण किया। डीएम गजल भारद्वाज ने बताया कि 5.67 करोड़ रुपये की लागत से मस्तानी महल का निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होने मस्तानी महल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पाथवे पूरी तरह ध्वस्त होने का कारण पूछा, जिस पर यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक अमर सिंह राठौर इधर-उधर झांकने लगे।

डीएम ने परियोजना की ड्राइंग मांगी तो पता चला कि परियोजना प्रबंधक लेकर ही नहीं आए हैं। इस पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए जमकर लताड़ लगाई। निरीक्षण के दौरान पता चला कि पूरी परियोजना में पानी के निकास की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। यही कारण है कि चार दिन पहले हुई बारिश से जगह-जगह इंटरलाकिंग उखड़ गई। पाथवे के बगल में खंडा पत्थर की पिचिंग न बनाए जाने पर डीएम ने अधिकारियों को हड़काते हुए इसका ब्यौरा भेजने के निर्देश दिए।

### जीआईसी की लैब में पानी निकास का इंतजाम नहीं

डीएम गजल भारद्वाज ने मस्तानी महल के साथ ही राजकीय इंटर कालेज की लैब का भी अवलोकन किया। लैब की छत में पानी का निकास का इंतजाम न होने पर यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक को हड़काया और रूफ रैन वाटर हारवेस्टिंग का प्रबंध न करने पर जवाब मांगा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त परियोजना प्रबंधक शैलेंद्र कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव और डीएम के स्टेनो रजीव शुक्ला भी मौजूद रहे।


अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाने एकत्र हुए सपाई। अमृत विचार

# अखिलेश यादव के बर्थडे पर वृद्धाश्रम में बांटे फल-मिठाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकुंद फाउंडेशन के तत्वावधान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर शहर के वृद्धाश्रम में फल मिठाई आदि का वितरण किया। वृद्धाश्रम में अपने बीच लोगों को देख वृद्धों में खासी खुशी नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर फाउंडेशन के अध्यक्ष के अलावा अन्य वक्ताओं ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर मुकुंद फाउंडेशन के तत्वावधान में वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज तिवारी ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष युवाओं की प्रेरणा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानो, नौजवानों महिलाओं के अलावा व्यापारियों के लिए जो योजनाएं लागू की वे आज भी लोगों की जुबान पर हैं। अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे बनवाया, जो भारत का सबसे आधुनिक एक्सप्रेस वे है। उन्होंने प्रदेश में यूपी 100 पुलिस सेवा और 108 एंबुलेन्स फ्री सेवा शुरू की साथ ही महिलाओं के लिए 1090 सुविधा प्रदान कराई है।

इससे पूर्व अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सभी लोग शहर के वृद्धाश्रम पहुंचे जहां पर मौजूद वृद्धजनों से मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना साथ ही सभी वृद्धों को फल मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य बेनी प्रसाद यादव, सुभाष सैनी, सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, अमित यादव रुद्र, यश चौरसिया, अनुपम, महेन्द्र अवस्थी, जगन्नाथ प्रजापति ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# तलैया के कब्जे पर चला बुलडोजर

**सुमेरपुर।** कस्बे के चांद थोक स्थित हरचंदन तालाब के निकट स्थित तलैया के अतिक्रमण को हटाने के लिए राजस्व विभाग व नगर पंचायत की टीम पहुंची। अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। तालाब किनारे शौचालय एवं सीवर टैंक आदि बनाने वाले ने विरोध किया। लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी और सभी अतिक्रमण को हटाकर तलैया को मुक्त कराया।

कस्बे के हरचंदन तालाब के पास गाटा संख्या 1778 में एक तलैया स्थित है। जिसका रकबा एक एकड़ 18 डिसमिल है। लोगों की शिकायत पर राजस्व विभाग व नगर पंचायत तलैया को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुलडोजर से तलैया किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाना शुरू किया। तभी तलैया में अतिक्रमण करने वाले संतोष कुमार सोनकर, केशव सोनकर, कौशल सोनकर, दुर्गा प्रसाद सोनकर आदि ने विरोध जताया। इन लोगों का आरोप है कि बिना नोटिस दिए ही उनके शौचालय व सीवर टैंक को हटाया जा रहा है। जिससे उन्हें समस्या पैदा होगी। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार प्रदीप निगम ने आक्रमणकारियों को समझाया कि जो तलैया पर कब्जा है सिर्फ वह हटाया जाएगा। किसी का कोई मकान घर नहीं गिराया जाएगा। यहां ईओ दिनेश चंद्र आर्य, राजस्व निरीक्षक छोटेलाल, लेखपाल अशोक कुमार व महेंद्र कुमार सहित नगर पंचायत की टीम मौजूद रही।


पौधरोपण करते सदर विधायक राकेश गोस्वामी। अमृत विचार

# पौधा लगाकर सुरक्षा का भी संकल्प जरूरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- नवीन जीजीआईसी से हुई वन महोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार।** जिले के नवीन राजकीय बालिका इंटर कालेज रामनगर में मंगलवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। वन महोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक और जिलाधिकारी सहित अधिकारियों व समाजसेवियों ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाकर किया। अभियान के तहत जिले में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है।

मंगलवार को वन महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर नवीन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज रामनगर में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाधिकरी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, नवीन राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की प्राचार्या आषी सिंह, उप जिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने पौधरोपण किया।

वन महोत्सव का शुभारम्भ करते हुए एक पेड़ मां के नाम के विभिन्न प्रजाति के लगभग 500 पौधों को रोपित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि पेड़ लगाना जरूरी है, तभी गर्मी के कुप्रभाव से बचा जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि एक पेड़ लगाए और उसे बचाए। पेड़ काटने वालों को रोकें। उन्होंने कहा कि जनपद की पहाड़ियों में वन विभाग कार्ययोजना बनाकर पौधरोपण कराए, ताकि जनपद में हरियाली बढ़ायी जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे जनपद में जो पौधरोपण का लक्ष्य मिला है, उसे समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। प्रत्येक ग्राम सभा, पंचायत व अन्य विभागों द्वारा पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। हर न्याय पंचायत में ऐसे स्थान चिन्हित किये गए, जिनकी संख्या 20 से अधिक है, जहां पर 2000 से 5000 तक पौधे एक साथ लगाए जाएंगे। पौधों की सुरक्षा व सिंचाई की व्यवस्था भी की जाएगी। पौधरोपण की निगरानी के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने बच्चों से पेड़ लगाने की अपील की। बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगेंगे। जनपद में 7043500 पौधे वन विभाग व 25 विभाग मिलकर लगाएंगे। वन विभाग द्वारा 3900000 पौधें वन क्षेत्रों लगाये जाएंगे और अन्य विभागों 3143500 पौधों का रोपण करेंगे।

खुल गए स्कूल | ग्रीष्मावकाश खत्म होते ही घरों की बदल गई दिनचर्या, सुबह बच्चों का टिफिन तैयार करने की जद्दोजहद शुरू

# स्कूली बच्चों के साथ मम्मा का भी बदल गया शेड्यूल

कार्यालय संवाददाता, महोबा


ज्ञानस्थली स्कूल वैन में चढ़ते। अमृत विचार


संजरी इंटरनेशनल स्कूल में खेलते बच्चे। अमृत विचार


स्कूल के लिए तैयार अरसलान।

**अमृत विचार।** सुबह देर तक सोना, न टिफिन तैयार करने का टेंशन और न बैग पैक करने की चिंता। न होमवर्क की झंझट, न ही स्कूल बस का इंतजार। कोई देर तक क्रिकेट खेलता रहा, कोई अपनी डांस की प्रैक्टिस में मस्त रहा। कोई टीवी देखता रहा तो कोई मोबाइल में गेम खेलता रहा, लेकिन मंगलवार को जैसे ही स्कूल खुले, न केवल बच्चों का बल्कि मम्मा का भी शेड्यूल बदल गया।

पहली जुलाई यानी मंगलवार को स्कूल खुलते ही चारों तरफ स्कूली बसों के हार्न की आवाज सुनाई देने लगी। चारो तरफ शहर में स्कूली बसें दिखने लगीं। बच्चे भी सुबह से बड़े-बड़े बस्ते लेकर मम्मी-पापा के साथ स्कूली बसों के स्टाप तक जाते दिखाई दिए। बच्चों की चहल पहल से स्कूल भी गुलजार हो गए। बच्चे नए-नए बस्ते लेकर स्कूल पहुंच गए। स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चे भी गर्मियों की छुट्टी के बाद अपने दोस्तों से मिलकर खासा खुश नजर आए। शिक्षण सत्र के पहले दिन बच्चों ने स्कूलों में खेलकूद के साथ खूब मस्ती की। छुट्टी होने के बाद बच्चे लाइन पर लगकर बसों में जाते दिखाई दिए। स्कूल खुलने के साथ शहर में चारों तरफ चहल पहल दिखाई दी।

### नई-नई डिस की फरमाइश करने लगे बच्चे

- पांचवी क्लास में आए आहिल खान को क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। हालांकि बच्चे की मम्मी ने क्रिकेट पूरी तरह से तो बंद नहीं कराया, लेकिन स्कूल और ट्यूशन खत्म होने के बाद ही वह क्रिकेट खेलने जाता है। आहिल की मम्मी बताती हैं कि सुबह जल्दी उठना तो हमारा साल भर का रूटीन है। स्कूल खुलने के बाद अब किचन में ज्यादा ध्यान देना पड़ता है। बच्चों को नई-नई डिसेज टिफिन में ले जाना पसंद है। आहिल अपनी छोटी बहन जारा को भी स्कूल साथ में ले जाता है।

### पेंटिंग के लिए अब बचा लिमिटेड टाइम

याशिका अग्रवाल इस साल नौवीं क्लास में गई हैं। उनकी मम्मी शिल्पी अग्रवाल बताती हैं कि अभी तक यह दिन भर पेंटिंग करती रहती, लेकिन अब स्कूल खुलने के बाद बचे हुए टाइम में पेंटिंग करेगी। शिल्पी हाउस वाइफ के साथ ब्यूटीशियन हैं। याशिका के स्कूल खुलने के बाद उनका रूटीन बदल गया है।

### होमवर्क की बढ़ी जिम्मेदारी

साढ़े चार साल का सैयद अरसलान अहमद अली, सायान अभी तक ट्यूशन लेकर घर पर ही पढ़ाई करता था, लेकिन इस साल वह स्कूल में पहली क्लास में गया है। अरसालन की मम्मी नाजरीन खातून का कहना है कि अब उनकी जिम्मेदारियां बढ़ गई है। स्कूल में एडमीशन होने के बाद उसके खानपान के साथ उसकी पढ़ाई पर ध्यान देना पड़ता है। साथ बैठकर होमवर्क कराना पड़ेगा।

## सार-संक्षेप


चरखारी में पैदल गश्त करतीं एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

### एएसपी ने दुलदुल जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने मंगलवार को अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोड़ के साथ चरखारी के संवेदनशील, मिश्रित एवं घनी आबादी वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर मोहर्रम पर निकलने वाले दुलदुल घोड़ी जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर जायजा लिया। गश्त के दौरान उन्होंने जूलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्षों को जुलूस मार्गों पर व्यापक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के आवश्यक निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त के दौरान जुलूस कमेटी के सदस्यों, व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है।

### पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**पनवाड़ी।** झांसी-मानिकपुर रेल लाइन पर रेलवे स्टेशन घुटई के पास एक ग्रामीण ने पत्नी से झगड़ा होने से आहत होकर ट्रेन से कटकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना महोबकंठ के बमहौरी कुर्मिल गांव निवासी ब्रजेश अहिरवार (26) पुत्र चंद्रप्रकाश का मंगलवार को सुबह पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे आहत होकर पति ने ट्रैन से कटकर आत्मत्या कर ली। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### पुलिस कप्तान ने दफ्तर में लोगों की सुनीं समस्याएं

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की जहां पर फरियादियों ने पहुंच कर समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत को लेकर पहुंचा जहां पर पुलिस अधीक्षक ने शिकायत सुनने के बाद निस्तारण का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त हुई शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एंव निष्पक्ष तरीके से निस्तारण कराए जाने के सम्बन्धित थानों के थानाध्यक्षों को निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, जिससे लोगों का जनसुनवाई के प्रति और अधिक विश्वास बढ़े।



एबीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### स्कूल विलय के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में मर्ज किए जाने के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने एबीएसए कार्यालय जैतपुर में प्रदर्शन कर अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा के नाम खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कम नामाकंन वाले विद्यालायों का विलय करने से बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। उन्हे शिक्षा ग्रहण करने के लिए अब दूर दराज कें विद्यालयों में जाना पड़ेगा, इससे विद्यालयों में छात्र संख्या घटेगी। कम नामाकंन के कारणों पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर निदान किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष अतुल प्रकाश खरे, ब्लाक मंत्री श्याम सिंह ,उपाध्यक्ष राम कृपाल, नीरज कुमार संतोष, मुकेश, सत्येंद्र, राजदीप, नीति खरे, प्रीति, नेहा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### नेत्र शिविर में 70 मरीजों का इलाज

**हमीरपुर।** यादव मोहल्ले में मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसमें नेत्र चिकित्सक डॉ .चंद्रभान यादव ने कहा कि आंखों में खुजली या अन्य दिक्कत होने पर लोग घर पर रखी दवा का प्रयोग कर लेते हैं। उन्हें आराम तो जरूर मिल जाता है, लेकिन बीमारी और बढ़ जाती है। इसलिए आंख में किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर की सलाह लें। शिविर में नि :शुल्क दवा व चश्मे भी वितरित किए गए। वहीं 4 लोगों को ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।

### बारिश से बिवांर थाना परिसर बन गया तालाब

**बिवांर।** सोमवार को दोपहर को झमाझम बरसात होने से थाना परिसर तालाब बन गया। पानी की निकासी न होने से कार्यालय मालखाना, हवालात में घुटनों तक भर गया। होमगार्डों ने बाल्टी में पानी को भरकर बाहर किया। मंगलवार को पुलिस ने जेसीबी मशीन से थाना के किनारे मौदहा सड़क के पास के नाला की सफाई का कार्य कराया है। नाला में बाहर के पानी के आने की रोक लगाते हुए मिट्टी डाली है। कार्यालय के दरवाजा में ईंट सीमेंट से भीट बनाई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जलभराव के होने की समस्या से बचाने के लिए इस तरह की व्यवस्था की गई है।

### हाईवे पर दो ट्रकों में भिड़ंत, आधे घंटे लगा रहा जाम

**सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे 34 में मंगलवार शाम करीब 4 :30 बजे तेज रफ्तार ट्रकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत हो गई, जिसमें एक चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार शाम करीब 4 :30 बजे ट्रक सीमेंट लादकर कानपुर की तरफ जा रहा था। कानपुर की तरफ से आए खाली डंपर से नरायनपुर कुंडौरा के पास सीधी टक्कर हो गई। सीमेंट लदे ट्रक का चालक अंकु सोनकर निवासी जसपुरा बांदा केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह एवं सीओ यातायात शाहरुख खान के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को निकाल कर इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया। इस घटना के बाद हाईवे में करीब आधा घंटा यातायात बाधित रहा।

### गांव में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के उमरी गांव में लोग पिछले 15 दिनों से दहशत में जी रहे हैं। पिछले 15 दिनों में गांव के चार घरों में चोरी हो चुकी है। जिसमें दो घरों में चोरी के लिए घुसे चोरों की आहट मिलने पर चोर भाग खड़े हुए हैं। चोर इस कदर हावी है कि चोरी करने के लिए दुकान के दरवाजे को फाड़कर चोरी कर रहे हैं। चोरी को रोक पाने में विफल पुलिस से उम्मीद छोड़ चुके ग्रामीण रात्रि जागरण कर रखवाली कर रहे हैं। दो दिन पहले ही होली चौक मोहल्ले के ग्रामीण रखवाली के लिए रात्रि जागरण कर रहे थे। तभी रात्रि के करीब 1 :30 बजे आधा दर्जन के करीब युवक मोहल्ले में घुस गए हैं। जाग रहे ग्रामीणों के ललकारने पर सभी युवक भरखरी गांव की तरफ भागने लगे। मोहल्ले के बालेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, जीतू सविता, छोटेलाल अनुरागी, संजय राय, बल्लू खान सहित आधा सैकड़ा लोगों ने पीछा किया। लेकिन अंधेरा होने की वजह से सभी चोर बचकर निकल गए। ग्रामीण चोरों की धमाचौकड़ी से भयभीत हैं। एसआई रवींद्र कुमार ने बताया कि जानकारी हुई है, गश्त बढ़ाई जाएगी।

### पांचवीं मोहर्रम पर मौदहा में निकला अलम का जुलूस

**मौदहा।** पांचवीं मोहर्रम पर कस्बे में अलम का जुलूस निकाला गया। अलम के साथ निकली ढाल, सवारियों और नेजों के साथ अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया। मंगलवार दोपहर बाद कजियाना स्थित गांधीगर के इमाम चौक से अलम के जुलूस की शुरुआत हुई, जो कजियाना, गदाई, मांदा, छोटा अलाव, डा .यादव के पीछे से होकर चौधराना, सिजवहिया, हुसैनिया से होकर देर रात समाप्त हुआ। इस दौरान जगह-जगह लंगर का आयोजन हुआ। इमाम चौकों और मोहल्लों में डीजे पर बजने वाले मातमी गीतों ने माहौल को गमगीन बना दिया। हालांकि सुरक्षा को देखते हुए कोतवाली पुलिस मुस्तैदी से मौजूद रही और कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल के साथ उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता लगातार जुलूस में जगह जगह शामिल हो व्यवस्था का जायजा लेते रहे। जबकि नगरपालिका की ओर से पूरे कस्बे की सफाई और कस्बे में इमाम चौकों के आसपास और जुलूस के रास्ते में कीटनाशक का छिड़काव किया गया था।

# डीएनए टेस्ट से साफ होगा कार में मिला शव किसका

## एसपी ने जलती कार से मिले शव के मामले में दी जानकारी, कहा हर एंगल से होगी जांच

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



सुनील।

**अमृत विचार।** जलती कार में मिला शव युवक का ही है, इसका पूरा दारोमदार अब डीएनए जांच पर निर्भर है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अब वैज्ञानिक जांच और उससे सामने आई जानकारी ही यह साबित करेगी कि जलती कार से मिला शव युवक का था या किसी और का। सोमवार की सुबह राजापुर से हटवा की ओर जाने वाले मार्ग पर सिकरी अमान गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक जलती कार देखकर ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी थी। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया था। कार से एक बुरी तरह से जला शव भी बरामद हुआ था। इसकी हालत ऐसी थी कि यह अंदाजा लगाना नामुमकिन था कि शव पुरुष का है कि महिला का। कार से चूड़ियों के टुकड़े मिलने, कार की हालत और पास में मिले छोटे सिलेंडर आदि से प्रथमदृष्टया इसमें किसी आपराधिक साजिश की आशंका लग रही थी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी इसकी संभावना व्यक्त की थी। हालांकि देर शाम राजापुर थाने पहुंचे कंधवनिया गांव के लोगों ने इस संबंध में जो जानकारी दी थी, उससे पूरा मामला उलट गया था। इन लोगों ने बताया था कि कार में मिला शव आनंदपुर रीवा (मप्र) निवासी सुनील सिंह (40) पुत्र अवध बिहारी का है। वह हार्वेस्टर मशीनों को किराये पर देने का बिजनेस करता था।

शनिवार को वह अपनी ससुराल कंधवनिया हार्वेस्टर के लिए चालक ढूंढने आया था। इन लोगों ने बताया कि वह सिगरेट का लती था और कार में छोटा सिलेंडर रखकर जा रहा था। आशंका है कि सिलेंडर रिसने की वजह से इसमें आग लग गई और विस्फोट हो गया। वह चालक सीट से बाहर निकलने के लिए कोशिश कर रहा होगा कि आग की चपेट में आकर जिंदा जल गया। अब इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शव की हालत से यह पता लगाना असंभव है कि यह किसका है। कार के संबंध में पता चला है कि वह जिसकी है, उसने अपने भांजी-दामाद को गिफ्ट दी है। युवक की पत्नी हेमा ने बताया वह ब्यूटी पार्लर चलाती है और कभीकभार पति चूड़ी आदि लाते हैं। ऐसे में कई बार चूड़ी टूट जाती हैं, जो कार में गिर जाती हैं। एसपी ने बताया कि लोगों के बताने, परिस्थितिजन्य साक्ष्य आदि से तो यह लगता है कि कार से मिला शव सुनील का ही था पर अभी अंतिम रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। अगर डीएनए टेस्ट से इस बात की पुष्टि हो जाती है तो यह केस अपने आप क्लोज हो जाएगा और अगर नहीं तो फिर पुलिस अपनी जांच नए सिरे से शुरू करेगी। उधर, सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हालांकि पुलिस को इसकी रिपोर्ट से ज्यादा कुछ जानकारी मिलने की आशा नहीं है।



राजापुर थाने में अन्य महिलाओं के साथ बैठी सुनील की पत्नी हेमा।

### चादर से भी की शिनाख्त

एसपी ने बताया कि इसके अलावा कुछ दूरी पर चादर के टुकड़े मिले हैं, जिनके संबंध में युवक की पत्नी ने बताया है कि वह उसे घर से लाया था। एसपी ने बताया कि संभावना जताई जा रही है कि युवक ने चादर बिछाकर ड्रिंक की हो क्योंकि युवक की पत्नी ने यह बताया है कि वह कभी कभार ड्रिंक कर लेते थे। इसके अलावा चेन स्मोकर थे। एसपी ने बताया कि यह संभावना है कि इस दौरान उसे सिगरेट की तलब लगी हो और वह कार में चालक के बगल वाली सीट पर बैठकर सिगरेट पी रहा हो और इसी दौरान लीकेज सिलेंडर की गैस से आग लगी हो।

### मोबाइल भी उसी युवक का

एसपी ने बताया कि कार से एक जला हुआ मोबाइल बरामद हुआ है। इसका सिम भी क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया कि तकनीकी में दक्ष लोगों के प्रयास से इस संबंध में सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने इस बात की पुष्टि की कि यह भी सुनील के नाम से रजिस्टर्ड है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए ब्लाकवार लगाए जाएंगे शिविर

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि अध्यक्ष उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिव्यांग बच्चों के चिह्नांकन के लिए ब्लॉक स्तर पर शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिले में भी शिविरों की तिथियां तय कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि विकास खंड परिसर कर्वी में तीन जुलाई, विकासखंड पहाड़ी परिसर में पांच जुलाई, मानिकपुर ब्लाक परिसर में सात, ब्लाक रामनगर परिसर में नौ व मऊ विकास खंड परिसर में 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे से तीन बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों के लिए अधिकारियों को भी नामित किया गया है। ये प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को शिविर तक लाने, पंजीकरण कराने व घर ले जाने के साथ ही गैर पंजीकृत छात्र/छात्राओं का विद्यालयों में नामांकन कराएंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिविरों में सुविधाएं मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनांतर्गत दिव्यांग लाभार्थियों को उपकरण उपलब्ध कराए जाने के लिए आवेदन 31 अगस्त तक आनलाइन कराए जाएं।

# जिले में बिजली आपूर्ति निर्बाध होनी चाहिए : नीतीश कुमार

- डीवीवीएनएल के एमडी ने की बैठक, दिए निर्देश
- लोगों से की बिल जमा करने की अपील

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार ने सभी अधिशासी अभियंताओं और उप खंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। एमडी ने मंगलवार को विद्युत आपूर्ति, वाणिज्यिक व तकनीकी आदि बिंदुओं को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष भाजपा महेंद्र कोटार्य, कोऑपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि जनप्रतिनिधि, किसान यूनियन और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व किसानों ने ट्रांसफार्मर लोड, बिजली आपूर्ति, कर्मचारियों की शिकायतें आदि बताईं, जिनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। बताया कि मार्च 23 के बाद जिस किसानों ने बिल जमा कर दिया है उनके निःशुल्क ट्यूबवेल चल रहे हैं। जो लोग बचे हैं अपना बिल जमा करें, जिससे ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को इसका फायदा उठाना चाहिये।

प्रबंध निदेशक ने अधिशासी अभियंताओं को बेहतर उपभोक्ता सेवा और लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, मुख्य अभियंता बांदा राजेश कुमार, अधीक्षण अभियंता आरके यादव, मनोज कुमार, विपिन कुमार, भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।



बिजली आपूर्ति और अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते डीवीवीएनएल के एमडी नीतीश कुमार। अमृत विचार

### खुलकर बोले मानिकपुर विधायक

बैठकों में खुलकर जनता की बात रखने को मशहूर विधायक मानिकपुर अविनाश चंद द्विवेदी ने इस दौरान कई बातें कहीं। बताया कि विजिलेंस टीमों पर भ्रष्टाचार आदि के आरोप लगते हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल होती है। इनको बदला जाए। बताया कि ट्रांसफार्मर जल्द नहीं बदले जाते, कुछ कनेक्शन नहीं है तब भी बिल आते हैं, घरों के ऊपर से हाईटेंशन तार निकली हैं, कनेक्शन देने में समय लगता है। प्रबंध निदेशक ने शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### व्हाट्सएप ग्रुप से जनप्रतिनिधियों को जोड़ें

एमडी ने कहा कि जिन मजरों में काम होना है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को भी दें। बिजली विभाग के अधिकारियों, अभियंताओं के व्हाट्सएप ग्रुप में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व मीडियाकर्मियों को भी जोड़ा जाए। उन्होंने सभी एसडीओ को निर्देशित किया कि सड़क पर लगाए जा रहे खंभों को दूरी पर लगाएं, जिससे चौड़ीकरण के दौरान दिक्कत न हो।



वित्तीय समावेशन की शपथ लेते जनप्रतिनिधि।

# विकास की धारा से जोड़ता है वित्तीय समावेशन : महेंद्र

- डिलौरा से संतृप्तिकरण अभियान की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलाए जाने वाले वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान का डिलौरा से शुरुआत की गई। समारोह में कोऑपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने लोगों को बीमा, पेंशन, आधार सीडिंग, डिजिटल लेनदेन से जोड़ने की अपील की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वित्तीय समावेशन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का माध्यम है। इस मौके पर योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए शपथ दिलाई गई। समूह की पांच दीदियों को अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में चयनित किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने बताया कि जिले में सभी बैंकों के सहयोग से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति अच्छी रही है फिर भी प्रत्येक व्यक्ति तक वित्तीय समावेशन की पहुंच बढ़ाने एवं शतप्रतिशत संतृप्ति के उद्देश्य से इस अभियान के तहत वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार तीन महीनों में जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार शिविर लगाए जाएंगे। बचे हुए नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से आच्छादित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु क्रियांन्वयन के लिए ग्राम पंचायतों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार कैंप लगाए जाएंगे। इस दौरान बैंकों के जिला प्रतिनिधि, आरसेटी एवं एनआरएलएम का स्टाफ मौजूद रहा। संचालन बलबीर सिंह ने किया।

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए कराएं रजिस्ट्रेशन

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में चयनित 20-25 निर्धनतम परिवारों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित कराया जाएगा। अभियान में निर्धनतम परिवारों के वे सदस्य जो सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीयन करा लेंगे तो बोर्ड की सभी योजनाओं में पात्र हो जाएंगे। पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय संचालित है। बताया कि निर्माण श्रमिकों के रूप में पंजीयन कराने के लिए इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र से पंजीयन करा सकते हैं। जानकारी के लिए स्थानीय श्रम कार्यालय या टोल फ्री नंबर 18001805412 से जानकारी की जा सकती है।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोडा माफी की आदिवासी बस्ती में सपाइयों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव, अंबेडकरवाहिनी के राष्ट्रीय सचिव एवं वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए के लोगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पुरातनवादी सोच की पार्टी है आजादी के पूर्व की व्यवस्था पुनः लागू करना चाहती है। इस दौरान सपाइयों के साथ मंगल प्रसाद आदिवासी, राजा भैया, राज नारायण, मोनू, शोभित, नथिया देवी, हीरामणि, अनीता, कलुईया देवी, सुपतिया, चिंता, राजोलिया देवी आदि मौजूद रहीं।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते मान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

### दृष्टि संस्थान में मना अखिलेश यादव का बर्थडे

**चित्रकूट।** शंकर बाजार स्थित दृष्टि नेत्रहीन संस्थान में समाजवादी व्यापार सभा की जिला इकाई ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर बच्चों को मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर शंकर लाल गुप्ता, व्यापार सभा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हिमांशु गुप्ता, जिलाध्यक्ष व्यापार सभा संतोष जायसवाल, सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# लोगों ने की रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगर के हनुमान मंदिर के पास चकमाली के निवासियों ने मुहल्ले में अतिक्रमण पर रोष जताया है। इन लोगों ने सदर एसडीएम को प्रार्थनापत्र भेज इस ओर ध्यान देने को कहा।

लोगों ने बताया कि पीपल के पेड़ के पास हनुमान मंदिर के बगल में सैकड़ों लोगों का आवागमन का प्रवेश द्वार है। पूर्व में बने रास्ते की चौड़ाई 20 फीट है। कुछ लोगों ने रास्ते पर अतिक्रमण कर नाली व चबूतरा बना लिया है। लोगों ने अतिक्रमण को हटाने व 20 फीट रास्ते की जमीन का चिह्नांकन किये जाने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासियों के अतिक्रमण हटाने के लिए कहने पर अनसुना किया जा रहा है। बताया कि अतिक्रमण हटवाकर 15 से 20 फीट रास्ते का चिह्नांकन करवाया जाना अत्यंत आवश्यक । अतिक्रमण लगातार बढता जा रहा है। महेश सिंह पटेल, पीएन श्रीवास्तव, लवलेश कुशवाहा, ब्रजेश कुशवाहा, जय नारायण मिश्रा, गोविंद सेंगर, लालबहादुर निषाद, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार, सुधाकर चौधरी, रामनरेश कुशवाहा, मनीष द्विवेदी, रोहित पटेल, श्रीप्रकाश, नरेंद्र पयासी, रामनरेश पटेल, रामकुमार यादव, बबली यादव, कुंज बिहारी यादव, श्यामसुंदर यादव, अनिल सिंह, रामनारायण पांडेय, अरुण चौधरी, मनीष त्रिपाठी, राजू कुशवाहा, जयनारायण मिश्रा आदि ने मुहल्लेवासियों ने एसडीएम से अतिक्रमण हटाने की मांग की।



तारों से घिरा अतिक्रमण दिखाता युवक।

## सार-संक्षेप

### पैदल गश्त कर जुलूस मार्गों का किया मुआयना

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने मंगलवार को मोहर्रम त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने जाने के मद्देनजर कोतवाली क्षेत्र में जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अफसरों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तरौंहा, धुस मैदान, राजा घाट, कोलगदहिया, काली देवी चौराहा, कजियाना मोहल्ला, पुरानी बाजार, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद व लक्ष्मणपुरी आदि स्थानों में पैदल गश्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यापक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देश दिए। जुलूस कमेटी के सदस्यों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### अपरिचित परिवारों की जांच हो

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** भाजपा की क्षेत्रीय कार्यसमिति के सदस्य श्यामनारायण शुक्ल ने बरगढ़ में अवैध तरीके से रह रहे अपरिचित परिवारों की जांच कराने के लिए उप जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। श्यामनारायण ने बताया कि उनको जानकारी मिली है कि घटेहा रोड व सेमरा ग्रामसभा की सीमा पर अपरिचित परिवारों ने डेरा डाल दिया है। ये चित्रकूट जिले के निवासी नहीं है। इनको कुछ लोग घुसपैठिया भी बता रहे हैं। ये लोग पन्नी आदि लगाकर रह रहे हैं। शासन– प्रशासन को इनकी जांच करनी चाहिए।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट। मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत हुई जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल व पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने स्वास्थ्य कर्मियों, सफाईकर्मियों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### स्कूल में टीका लगाकर बच्चों का किया स्वागत

**रामनगर चित्रकूट।** क्षेत्र के सभी विद्यालयों में सत्र के पहले दिन बच्चों का प्रवेश रोली टीका लगाकर कराया गया। कंपोजिट विद्यालय पियरियामाफी, प्राथमिक विद्यालय उफ़रौली आदि में बच्चों का स्वागत किया गया। बीईओ रामनगर एनपी सिंह ने प्राथमिक विद्यालय ढढवार व प्राथमिक विद्यालय रामनगर में बच्चों तथा अभिभावकों को संचारी रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय पियरिया माफी में विद्यालय की ओर से बच्चों को टॉफी दी गई।

**अभियान** मंडलायुक्त ने पौधरोपण अभियान की ली जानकारी, मातहतों को लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कराने को कहा

# पौधे रोपना नहीं बल्कि देखरेख करना है बड़ी बात : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कहा कि पौधे रोपना नहीं बल्कि उनकी देखरेख करना बड़ी बात है। वह मंगलवार को पौधरोपण समिति की तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटिहार ने विभागवार लक्ष्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 70 लाख पौधे रोपने हैं। देवांगना एयरपोर्ट तक नवनिर्मित सड़क एवं इलाहाबाद रोड के आसपास पौधरोपण कर कई वृहद वाटिकाएं बनाई जाएंगी। मंडलायुक्त ने कहा कि नीम, पीपल के पौधे ज्यादा से ज्यादा लगाएं । बीएसए बीके शर्मा को निर्देश दिए कि हर स्कूल में सहजन के पांच पौधें अवश्य लगवाएं। उन्होंने किसानों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से पौधरोपण कराने, गौशाला में पौधे रोपने को भी निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी-थाना व पुलिस लाइन में पौधरोपण कराया जाएगा। बाद में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पौधरोपण किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आश्वस्त किया कि मंडलायुक्त के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। बैठक में सीडीओ अमृत पाल कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अरुण कुमार, स्वप्निल कुमार यादव, अपर उप जिलाधिकारी राकेश पाठक, आईजी स्टांप रामसुंदर यादव, उप कृषि निदेशक राजकुमार, इंद्र नारायण सिंह, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते कमिश्नर अजीत कुमार, साथ में पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि। अमृत विचार

### पैदा होने से लेकर मृत्यु तक लकड़ी जरूरी : उमाशंकर

पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि जब बच्चा पैदा होता है तो चारपाई की आवश्यकता होती है। जब मृत्यु होती है तो मनुष्य लकड़ी पर जाता है। शवदाह के भी लकड़ी काम आती है। पेड़ व पानी का महत्व है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि करोड़ों रुपये से सरकार ने हर घर नल की व्यवस्था की है लेकिन बहुत से नल टूटे हैं, पानी बह रहा है। कोई भी केयर नहीं कर रहा है ऐसा नहीं होना चाहिए। केवल तालाब की सुंदरता नहीं बल्कि इसमें पानी होना चाहिए। जीवन को बचाना है तो पेड़ व पानी को भी बचाना होगा।

# समस्याओं को लेकर किसानों ने भरी हुंकार

- एसडीएम को सात सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील किसान श्याम बाबू पाल अमीसा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को उठाते हुये 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार मुकेश को सौंपा गया।

गल्ला मंडी परिसर में आयोजित पंचायत को सम्बोधित करते हुये संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ ने कहा कि कई बार मांग उठाने के बाद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इसी क्रम में भाकियू पदाधिकारियों ने तहसील परिसर पहुंच कर नायब तहसीलदार मुकेश कुमार को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुये अवगत कराया कि तमाम ग्रामों में अन्ना पशुओं की समस्या है। इसलिए जिन ग्रामों में गौशाला बंद है।उन ग्रामों की अन्ना गायों को शिफ्ट किया जाये। कृषि केंद्रो एवं कृषि रक्षा इकाई में डीएपी, यूरिया, खाद बीज व कीटनाशक दवा उपलब्ध कराई जाए। मूंग के सरकारी खरीद केंद्र खुलवाया जाए ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को ठीक किया जाए।

इस मौके पर सुरेश चौहान, जयराम कुशवाहा, कल्लू नेता,सत्येंद्र सिंह, श्याम बाबू पाल, रमाशंकर, जयराम कुशवाहा, संतोष कुमार गरेंही, सुरेंद्र पाल सिंह, अजान सिंह, दयाशंकर,महेश कुमार लामसर, कालका प्रसाद ,प्रताप पाल अमीषा, दिनेश कुमार आदि किसान प्रमुख रूप से मौजूद रहें।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

# जीएसटी का जोर कारोबार सुगमता बढ़ाने पर

## वित्त मंत्रालय ने आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड किया जारी, कहा- व्यापक आर्थिक समावेश पर होगा फोकस

नई दिल्ली, एजेंसी




वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा। कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और जीएसटी पोर्टल को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। लगातार दहाई अंक की वृद्धि न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देती है, बल्कि बेहतर अनुपालन, कम कर चोरी और कम करदाता बोझ के साथ एक परिपक्व, प्रौद्योगिकी-संचालित कर परिवेश का संकेत भी देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई, 2025 तक 162 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह केवल आठ वर्षों में एक सुव्यवस्थित, डिजिटल-प्रथम कर प्रणाली अपनाने और बढ़ते भरोसे को बताता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों को मानकीकृत स्लैब (0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) और निर्बाध पंजीकरण, जीएसटीएन के साथ सरलीकृत व्यवस्था में एकीकृत किया है।

### बिजली की खपत घटकर 150 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावाट थी।

## गोल्ड कमोडिटी : सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प

गोल्ड कमोडिटी निवेश का एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। यह न सिर्फ मुद्रास्फीति और बाजार अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी माध्यम बनता है। निवेशक इसमें भौतिक सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड या फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। कीमतें वैश्विक आर्थिक घटनाओं, डॉलर की मजबूती और मांग-आपूर्ति के आधार पर प्रभावित होती हैं।

बात काम की

### क्या है गोल्ड कमोडिटी

गोल्ड कमोडिटी का अर्थ है सोने को एक व्यापारिक वस्तु के रूप में खरीदना और बेचना। यह अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार में एक मानक धातु मानी जाती है और इसकी कीमत वैश्विक कारकों से निर्धारित होती है। भारत में गोल्ड ट्रेडिंग एमसीएक्स पर की जाती है।

### गोल्ड में कैसे करें निवेश

**भौतिक सोना:** गहने, सिक्के या बिस्किट के रूप में। **गोल्ड ईटीएफ:** स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड होने वाले डिजिटल गोल्ड। **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (एसजीबी):** सरकार द्वारा जारी, ब्याज सहित सुरक्षित विकल्प। **गोल्ड फ्यूचर्स:** कमोडिटी एक्सचेंज पर अनुबंध आधारित ट्रेडिंग।

### महत्वपूर्ण बिंदु

निवेश के साथ-साथ बीमा की तरह देखा जाता है। एसजीबी और ईटीएफ जैसे विकल्प टैक्स लाभ भी देते हैं। निवेश से पूर्व वित्तीय लक्ष्यों व जोखिम क्षमता का मूल्यांकन करें।

### निवेश के लाभ

**मुद्रास्फीति से सुरक्षा:** महंगाई पर गोल्ड की कीमत बढ़ती है। **सुरक्षा:** संकट के समय में स्थिर निवेश विकल्प। **तरलता:** कभी भी बेचने की सुविधा। **पोर्टफोलियो विविधता:** स्टॉक्स या रियल एस्टेट से संतुलन बनाता है।

### जोखिम और चुनौतियां

**कीमत में उतार-चढ़ाव:** वैश्विक बाजार पर निर्भरता के कारण मूल्य अस्थिरता। भौतिक सोने में चोरी या मिलावट का खतरा। **फ्यूचर्स में जोखिम:** अनुबंध आधारित ट्रेडिंग जटिल हो सकती है। लॉन्ग टर्म पर रिटर्न सीमित होता है।

### सोच समझकर उठाया जाने वाला कदम

गोल्ड कमोडिटी में निवेश एक सुरक्षित, लेकिन सोच-समझकर उठाया जाने वाला कदम है। यदि सही माध्यम और रणनीति अपनाई जाए, तो यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का सशक्त उपकरण बन सकता है।

## देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जून में बढ़कर उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंचा**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया। जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया। निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का 'रिटर्न' दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं।

मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## कमजोर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर मांग घटने से कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को दो रुपये घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में कच्चे तेल के अगस्त में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव दो रुपये या 0.04 प्रतिशत घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 15,230 लॉट का कारोबार हुआ। विप्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.92 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत घटकर 64.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए।



- **वित्त मंत्री ने चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव का किया आह्वान**

उन्होंने कहा, भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एकडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक 'सॉवरेन डेट' गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

**हैदराबाद।** जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बीवी पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे।

### सरकार दवा संयंत्र के मृतकों के परिजनों को देगी मुआवजा

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधन से बातचीत कर पशम्यलारम में दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए एक करोड़ रुपये का मुआवजा सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर उसे कड़ी फटकार भी लगाई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों श्रीधर बाबू, दामोदर राजा नरसिम्हा, जी विवेक और पी ऋषिनिवास रेड्डी के साथ फैक्टरी में उस जगह का दौरा किया जहां विस्फोट हुआ था। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की।

# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा : मोदी

## कहा- एक दशक पहले शुरू की गई पहल अब बन चुका जन आंदोलन, अवसरों को भी लोकतांत्रिक बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं तथा इससे निजता को नुकसान पहुंचा है एवं पारदर्शिता भी कमजोर हुई है। इसके 10 साल पूरा होने के मौके पर खरगे ने उन गांवों और स्कूलों का हवाला दिया, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। उन्होंने सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों- एमटीएनएल और बीएसएनएल पर बढ़ते कर्ज और साइबर अपराधों में वृद्धि का भी उल्लेख किया।

## मौलाना तेजस्वी चुनाव में हार भांपकर कर रहे हैं सांप्रदायिक राजनीतिः भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कहा- विपक्षी गठबंधन एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के लिए शरिया कानून लाने के लिए चाहता है सत्ता हासिल करना**

भाजपा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव को मंगलवार को मौलाना करार दिया तथा उनपर इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी महागठबंधन की आसन्न हार को भांपकर सांप्रदायिक आधार पर समाज के ध्रुवीकरण का प्रयास करने का आरोप लगाया।

यादव के इस दावे पर कि बिहार में विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आने पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में डाल देगा, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन केवल एक विशेष समुदाय के सशक्तीकरण के वास्ते शरिया कानून लाने के लिए सत्ता हासिल करना चाहता है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए काम करता है। भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा, ये नमाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान नहीं चाहते। वे संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। वे केवल शरिया कानून चाहते हैं... वे केवल एक विशेष धर्म का सशक्तीकरण चाहते हैं। यादव पर मुस्लिम मतों के लिए 'सांप्रदायिक राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए भाटिया ने कहा, जो लोग बाबा साहब के संविधान और संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में डालने की बात कर रहे हैं, बिहार की जनता उनकी सांप्रदायिक राजनीति को कूड़ेदान में डाल देगी।

यादव ने रविवार को दावा किया था कि बिहार में सत्तारूढ़ राजग खत्म होने की राह पर है और विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व वाली राज्य की नई सरकार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को 'कूड़ेदान में डाल देगी।

## कई राज्यों में अगले छह-सात दिन में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बरपेगा कहर**

आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि अगले छह .सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

विभाग के अनुसार एमपी, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में कुछ स्थान पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिन में भारी बारिश हो सकती है जबकि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में सप्ताह के कुछ दिन में भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने सोमवार को, जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था।

### प्रकृति का कहर



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने के बाद ब्यास और सुकेती नदियों के संगम पर स्थित पंचवक्त्र महादेव मंदिर। एजेंसी

## आर्थिक अन्याय का हथियार बन गया जीएसटी : राहुल

- **कहा-अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए किया डिजाइन**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है।

## छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी कॉलेज से निष्कासित

कोलकाता, एजेंसी

### साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के प्राधिकारियों ने लिया फैसला

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के प्राधिकारियों ने कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के प्रमुख आरोपी की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। उसकी नियुक्ति कॉलेज के शासी निकाय की एक पूर्व सिफारिश पर एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में की गई थी।

मिश्रा को कॉलेज के छात्र एवं सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रोमित मुखर्जी के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अब पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस विधायक अशोक देब की अध्यक्षता में कॉलेज के शासी निकाय की एक बैठक के बाद प्राधिकारियों ने मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और दो छात्रों को निष्कासित करने की घोषणा की। देब ने कहा, मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया गया है जबकि दो अन्य को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाएगा। घटना के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया।



कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म के सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग को लेकर वकीलों ने एक विरोध रैली में हिस्सा लिया।

## समयपूर्व रिहाई की दोषी की याचिका खारिज करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कानून की छात्रा प्रियदर्शिनी मट्टू के साथ 1996 में दुष्कर्म और हत्या करने जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे संतोष कुमार सिंह की समयपूर्व रिहाई संबंधी याचिका खारिज करने के सजा समीक्षा बोर्ड के फैसले को मंगलवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा कि सिंह में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने मामला फिर से सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के पास भेजते हुए उसे दोषी की समयपूर्व रिहाई की याचिका पर नए सिरे से विचार करने को कहा।

न्यायमूर्ति नरुला ने फैसला सुनाते हुए कहा, मैंने उसमें सुधार की गुंजाइश देखी है। एसआरबी के फैसले को रद्द किया जाता है और मैंने मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया है। अदालत ने कैदियों की याचिकाओं पर विचार करते समय एसआरबी द्वारा पालन किए जाने वाले कुछ दिशानिर्देश भी दिए हैं।

## ओडिशा में कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की टांगें तोड़ने के आईपीएस अधिकारी के निर्देश से उपजा विवाद

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा कैडर के एक आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की टांगें तोड़ने का निर्देश दिया और उन्हें उनके इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया है। राज्य में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा की है।

यह विवाद उस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों को यह निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि उनकी टांगें तोड़ दो और मुझसे इनाम ले लो। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। पुलिस अधिकारी ने पुरी में भगदड़ को लेकर रविवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक प्रदर्शन रैली के दौरान यह कथित निर्देश दिया।

### इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया

#### पुरी भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर कर रहे थे प्रदर्शन

पुरी में भगदड़ की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि भीड़ प्रबंधन में चूक हुई, जिसके कारण भगदड़ की घटना हुई। वायरल वीडियो में भोल को मुख्यमंत्री आवास के पास तैनात पुलिस कर्मियों को यह निर्देश देते हुए देखा गया कि वे किसी को भी अवरोधक तोड़ने न दें। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, यह अत्यधिक निंदनीय है।

# कजाकिस्तान: मुस्लिम महिलाओं के नकाब पहनने पर लगा प्रतिबंध

- बना कानून, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छिपा सकेंगी चेहरा

**अस्ताना, एजेंसी**

कजाकिस्तान ने मुस्लिम महिलाओं के नकाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही यह मध्य एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने महिलाओं के नकाब लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कानून द्वारा परिभाषित सीमित मामलों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से ऐसे कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो किसी व्यक्ति के चेहरे को छिपाते हैं। कानून में हालांकि स्पष्ट रूप से धार्मिक पोशाक का नाम नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि नकाब और बुर्का जैसे परिधानों को ध्यान में रखकर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नए कानून के तहत चेहरा ढकने वाले कपड़ों को विशिष्ट मामलों में जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों, चिकित्सा कारणों, खराब मौसम से सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के वास्ते ही अनुमति दी गई है। इससे पहले, किर्गिस्तान ने जनवरी 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया था। वहां के सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के धार्मिक परिधान सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तियों की पहचान करना मुश्किल बनाते हैं।

# बार्सिलोना में 100 साल में सबसे गर्म रहा जून 2025 का महीना

**पेरिस।** स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बार्सिलोना में जून का महीने 100 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया है। बार्सिलोना की कैन फैबरा वेधशाला ने औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जोकि 1914 के बाद से सर्वाधिक है।

इससे पहले बार्सिलोना में जून में सबसे अधिक गर्मी 2003 में दर्ज की गई थी जब औसत तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम केंद्र ने कहा कि सोमवार 30 जून को इस महीने का एक दिन का सबसे अधिक तापमान 37.9 डिग्री दर्ज किया गया। बार्सिलोना आमतौर पर स्पेन की भीषण गर्मी से बचा रहता है, क्योंकि यह शहर पहाड़ियों और भूमध्यसागर के बीच, स्पेन के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित है।

# जलवायु परिवर्तन का संकेत भी हैं बादल फटने की घटनाएं

बादल फटने का मतलब होता है, किसी स्थान पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होना, जो सामान्य कई गुना तेज और भारी होती है। यह एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक घटना होती है, जिसके अचानक बाढ़, भूस्खलन और जानमाल की हानि जैसे परिणाम सामने आते हैं। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मानसून के मौसम में ये घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं। खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं हुई हैं और 2010 के बाद से इन घटनाओं में तेजी देखी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। फिलहाल अधिकांश घटनाएं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही हैं। आईएमडी और राज्य सरकारें अब अधिक अलर्ट जारी करने लगी हैं।



## बादल फटने का वैज्ञानिक अर्थ

जब किसी छोटे क्षेत्र में बहुत ही तीव्र गति से 100 मिमी या उससे अधिक वर्षा एक घंटे के भीतर हो जाती है तो उसे बादल फटना कहा जाता है। यह घटना आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। गर्म और नम हवा जब तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी हवा से मिलती है, तब भारी मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर अचानक भारी वर्षा के रूप में गिरती है। कई बार बादल ऊपरी वायुमंडल में अटक जाते हैं और जब वे एक जगह फटते हैं तो मूसलाधार वर्षा होती है।

## ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ रहीं घटनाएं

वैज्ञानिक धारणा है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। जलवायु परिवर्तन पर कई वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बादल फटने जैसी घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार होने लगी हैं।

## ये होती है बर्बादी

बादल फटना विनाशकारी होता है। जानमाल की हानि तो होती ही है, सड़कें, इमारतें और पुल बहने जैसा ढांचागत नुकसान प्रभावित इलाके को कई साल पीछे धकेल देता है। कृषि भूमि और पशुधन की भारी बर्बादी होती है।

## कहर बरपाया था इन घटनाओं ने

- वर्ष 1970 में उत्तराखंड की अल्कनंदा घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ आई जिसमें सैकड़ों मौतें हुईं।
- वर्ष 2005 लद्दाख में बादल फटा, इसके बाद इतनी तेज बाढ़ आई कि कई गांव और तमाम लोग बह गए।
- वर्ष 2010 में जम्मू-कश्मीर के लेह में बादल फटने से दो सौ से ज्यादा मौतें हुईं। सेना को राहत कार्यों में लगाया।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, 5,000 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- वर्ष 2021 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद कई मकान बह गए और दर्जनों की मौत हो गई।
- वर्ष 2023 में भी जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार ये घटनाएं हुईं। बचाव कार्यों में सेना लगाई गई।

## अब सामान्य से ज्यादा घटनाएं

बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसकी घटनाएं अब सामान्य से अधिक हो रही हैं। इसके पीछे स्थानीय भूगोल, मानसून की तीव्रता और मानव जनित जलवायु परिवर्तन जैसी कई वजहें हैं। जलवायु परिवर्तन संकेत दे रहा है कि हमें भविष्य में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था।

### भारतीय नौसेना ने जहाज पर लगी आग पर काबू पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले एक टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया तथा जहाज में सवार चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। रविवार को जहाज से संकट की सूचना मिलने के बाद नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अग्निशमन अभियान शुरू किया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लग गई थी।

### भारत-फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं।

### पाकिस्तान में दो पुलिस दो कर्मियों की हत्या

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने कथित तौर पर गोली मारकर दो यातायात पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बंदूकधारी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में लोंगखेल रोड पर गुल बाज दखन के पास दोनों पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती चौक ताजाजई स्थित यातायात पुलिस चौकी पर थी। घटना के समय दोनों अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

# आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला

## न्यूयॉर्क में जयशंकर ने कहा- परमाणु ब्लैकमेल की पाकिस्तान की नीति भारत को रोक नहीं पाएगी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला आर्थिक युद्ध का नया कृत्य था जिसका मकसद कश्मीर में पर्यटन खत्म करना था। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परमाणु 'ब्लैकमेल' की पाकिस्तान की नीति भारत को पड़ोसी देश से उत्पन्न आतंकवाद का जवाब देने से नहीं रोक पाएगी।

जयशंकर ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से प्रेरित कई आतंकवादी हमले हुए हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में यही भावना है कि अब बहुत हो गया। समाचार पत्रिका 'न्यूजवीक' के सीईओ देव प्रगाद के साथ मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित प्रकाशन के मुख्यालय में आयोजित एक बातचीत के दौरान आई उन्होंने यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमला एक आर्थिक युद्ध का कृत्य था। इसका उद्देश्य कश्मीर में पर्यटन को तबाह करना था, जो वहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इसका उद्देश्य धार्मिक हिंसा को भड़काना भी था क्योंकि लोगों को मारने से पहले उनसे उनके धर्म के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने कहा, इसलिए हमने तय किया कि हम आतंकवादियों को दंडित किए बिना नहीं छोड़ सकते। वे सीमा के उस तरफ हैं और इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती, मुझे लगता है कि इस तरह के विचार को चुनौती देने की आवश्यकता है और हमने यही किया। जयशंकर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं और मंगलवार को चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी जाएंगे। 'क्वाड' चार देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का समूह है। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' (द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म) शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करके की।



न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ जयशंकर।

### पाकिस्तान में कॉरपोरेट मुख्यालय जैसे हैं आतंकी ठिकाने

जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने हैं। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।

## भारत और अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक संबंध, इन्हें चीन के नजरिए से देखना भ्रामक

- कहा- भारतीय समुदाय देता है अमेरिका में बड़ा योगदान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को केवल चीन के नजरिये से आंकना उनका बहुत अधिक सरलीकरण है और कई बार यह भ्रामक भी हो सकता है।

उनसे पूछा गया था कि भारत-अमेरिका के संबंध किस हद तक चीन के संदर्भ में उसका रुख जाहिर करते है। जयशंकर ने 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके सीईओ देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य पहलुओं से जुड़े हुए हैं, जैसे कि बड़ा भारतीय समुदाय जो अमेरिका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह 'गेम-चेंजर' साबित होगा। इसका चीन से कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन और दिल्ली के बीच बहुत मजबूत आर्थिक संबंध हैं।

उन्होंने कहा, हमारे व्यापार के आंकड़ों को देखें और उस व्यापार की हमारी संबंधित अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिकता को देखें। हमारे प्रौद्योगिकी संपर्क को देखें। रक्षा या सुरक्षा सहयोग को भी चीन से जोड़ने की प्रवृत्ति है, लेकिन हम वैश्विक नौवहन के लिए अरब सागर को सुरक्षित रखने के वास्ते काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की कुछ वास्तविकताएं हैं और उनमें से एक यह है कि अमेरिका और चीन के बीच का रिश्ता अब वैसा नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इसमें अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धात्मकता आ गई है।

जयशंकर ने कहा, साफ तौर पर कहूं तो, जहां तक हमारा सवाल है, हम इन दोनों देशों (अमेरिका और चीन) को इस नजरिए से देखते हैं कि उन्होंने एक-दूसरे को लेकर अपनी-अपनी सोच तय कर ली है। निश्चित रूप से इसमें रणनीति भी शामिल होगी। वे एक-दूसरे के प्रति एक व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण रखते हैं।

# ट्रंप पर फिर भड़के मस्क नई पार्टी बनाने का आह्वान

- कहा- पागलपन भरे बिल से आम अमेरिकियों को होगा बड़ा नुकसान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आह्वान किया है। मस्क ने कहा, इस पागलपन भरे विधेयक में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा।

मस्क ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है। ट्रंप के प्रमुख व्यय बिल 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' की आलोचना उन्होंने ऐसे समय में की है जब एक सप्ताहांत की बातचीत और देरी के बाद सीनेट में घरेलू नीति विधेयक का मैराथन मतदान सत्र चल रहा है।

सीएनएन के मुताबिक सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने सदन में संवाददाताओं को बताया, उम्मीद है कि हम जल्द ही जान जाएंगे कि क्या रिपब्लिकन के पास विधेयक को पारित करने के लिए वोट हैं। उन्होंने कहा, इसमें थोड़ा समय लग सकता है। मस्क ने रिपब्लिकन विरोधी बयानबाजी को बढ़ा दिया है, विधेयक के 'पागलपन खर्च' की आलोचना की और दावा किया कि यह रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट से अलग नहीं दिखाता है।

### समर्थन जुटाने में जुटे रिपब्लिकन सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में ट्रंप के महत्वाकांक्षी विधेयक पर बहस मंगलवार को भी जारी रही। सोमवार को रात भर हंगामेदार सत्र में रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कवायद में लगे नजर आए। विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने की कोशिशों में लगे रहे। सीनेट में बहुमत के नेता और साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेटर जॉन थून अपनी पार्टी के उन सदस्यों के बीच समझौता कराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, जो इस बात से चिंतित हैं कि विधेयक में 'मेडिकेड' में प्रस्तावित कटौती से लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल बीमा से वंचित हो जाएंगे।

# थाईलैंड: अदालत ने प्रधानमंत्री शिनावात्रा को किया निलंबित

- फोन पर सेना विरोधी बातचीत लीक होने के मामले में कार्रवाई

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर हुई उनकी सेना विरोधी बातचीत के लीक होने के मामले की जांच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया है।

अदालत ने संविधान उल्लंघन को लेकर सुश्री शिनावात्रा के खिलाफ दायर याचिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नेशन थाईलैंड की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीशों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से शिनावात्रा पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार किया और उन्हें पद से निलंबित करने के लिए सात से दो मतों से मतदान किया।

गौरतलब है कि शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर देश में बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को हुआ एक सशस्त्र टकराव शामिल है। इसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था।

### इक्वाडोर: पूर्व उपराष्ट्रपति को 13 साल की कैद

**क्विटो।** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से यह सजा सुनाई गई।

# यूक्रेन ने 1300 किमी दूर रूस में औद्योगिक संयत्र को बनाया ड्रोन हमले का निशाना

- दोनों देशों में अपनी ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और उसके इस्तेमाल की बढ़ी होड़

**कीव।** यूक्रेन ने देश से लगभग 1,300 किमी दूर एक रूसी औद्योगिक संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हथियारों के विकास को प्राथमिकता दी है और रूस ने जून में यूक्रेन पर रिकार्ड संख्या में ड्रोन हमले किए हैं।

रूस द्वारा फरवरी 2022 में पड़ोसी देश यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध में दोनों पक्षों के बीच ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और युद्ध के मैदान में उनका उपयोग बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। दोनों देशों ने परिष्कृत और घातक ड्रोन तैनात किए हैं, जिससे युद्ध नए हथियारों के लिए परीक्षण का मैदान बन गया है। यूक्रेन पर रूस की ओर से लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मोर्चे पर कई जगहों पर भारी दबाव है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि उसकी रक्षा अधिकांश स्थानों पर मजबूत बनी हुई है। हाल ही में सीधे शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई है, इसलिए अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद रूस और यूक्रेन हथियार भंडार बढ़ा रहे हैं।

## अनुष्ठान



महाराष्ट्र के सोलापुर के अकलुज में संत तुकाराम महाराज की पालकी यात्रा के दौरान वृत्ताकार रिंगन नामक अनुष्ठान में भाग लेते भक्त। असल में यह एक गोलाकार घेरे में प्रतीकात्मक घोड़ों के पीछे नंगे पैर दौड़ने की एक पुरानी प्रथा है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। एजेंसी

# एक महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता का पद मासिक आधार पर 15 सदस्यों के बीच वर्णानुक्रम में बदलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान से कहा, पाकिस्तान की अध्यक्षता पारदर्शी, समावेशी और उत्तरदायी होगी।

# नीट यूजी में बिजली गुल दोबारा परीक्षा का आदेश

**इंदौर, एजेंसी**



- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का 75 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के दौरान बिजली गुल हो जाने से प्रभावित उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा है कि इन उम्मीदवारों की कोई भी गलती न होने के बावजूद उन्हें बिजली कटौती के कारण नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया गया था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने नीट-यूजी के कई उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पिछले माह सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि उन्हें अदालत के 23 जून के आदेश की प्रति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर और उज्जैन में हुई नीट-यूजी परीक्षा में बैठे करीब 75 उम्मीदवारों को इस आदेश का फायदा मिलेगा जिनके परीक्षा केंद्र में बिजली गुल हो गई थी।

# कोर्ट ने रूस के पूर्व उप रक्षामंत्री को 13 साल की सजा सुनाई

**मॉस्को।** रूस के पूर्व उप रक्षा मंत्री को मंगलवार को गबन और धन शोधन के जुर्म में दोषी ठहराया गया और उन्हें 13 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

इस मामले ने बड़े सैन्य भ्रष्टाचार को उजागर किया था, जिसे यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य असफलताओं के लिए व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया था। तिमूर इवानोव सैन्य भ्रष्टाचार की व्यापक जांच में सबसे चर्चित व्यक्ति है, जिसमें पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के करीबी कई अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। शोइगु पूर्व वरिष्ठ अधिकारी थे और उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्हें रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव का नया उच्च-स्तरीय पद दिया गया। इवानोव(49) को 2016 में उप रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

## श्रद्धा

मौके पर ही शुरू हुआ पंजीकरण, कल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू में प्रशासन की ओर से अमरनाथ यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद मंगलवार को देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां जम्मू पहुंचे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर तीन जुलाई को शुरू होगी।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर में जोश में नजर आए तीर्थयात्री।

तीर्थयात्रियों का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां शालीमार इलाके में अपंजीकृत श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर परिसर में साधुओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर बनाया गया है।

उन्होंने कहा, पंजीकरण वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा समेत तीन केंद्रों पर किया जा रहा है। सरस्वती धाम एकमात्र केंद्र है, जहां से भक्त टोकन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण केंद्र सुबह सात बजे खुल गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू स्थित राम मंदिर में साधुओं का पंजीकरण शुरू हो गया है और उनके लिए सभी इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक साधु राम मंदिर परिसर में पहुंचे हैं, जो उनके लिए आधार शिविर है। उन्होंने बताया कि यहां उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्री कल कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा पर जाने के लिए यहां भगवती नगर आधार शिविर पहुंचे हैं।

### ठहराव केंद्रों पर 50 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था

संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया, जम्मू क्षेत्र में लखनपुर से बनिहाल तक विभिन्न ठहराव केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस उद्देश्य के लिए कुल 106 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुमार ने बताया कि यात्रा दो जुलाई को जम्मू से शुरू होगी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा, यात्रा औपचारिक रूप से तीन जुलाई को कश्मीर से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों में उत्साह साफ देखा जा सकता है। भगवती नगर आधार शिविर में पहुंचे पंजाब के संतोख सिंह ने कहा कि यह नौवीं बार है जब वह अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए आए हैं।